संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 05 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



तेल अवीव में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजराइली पीएम नेतन्याहू से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 296 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# पांच वर्षों तक जारी रहेगी अन्न कल्याण योजना

= मोदी ने कहा कि जब तक कांग्रेस केंद्र में रही, गरीबों को लूटती रही: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**दिवाली गिफ्ट**

8 कांग्रेस पानी पी-पीकर एक ओबीसी प्रधानमंत्री को रोज गालियां देती है, मोदी के लिए सबसे बड़ी जाति गरीबी है

**टीम एक्शन इंडिया/दुर्ग**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने दुर्ग की धरती से देश के 80 करोड़ गरीबों को गारंटी दी है कि दिसम्बर में समाप्त हो रही प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना की अवधि अगले 5 साल के लिए बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमने यह निश्चय किया है और इसकी गारंटी छत्तीसगढ़ के दुर्ग की पवित्र धरती से दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल ही छत्तीसगढ़ भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया है। इस संकल्प पत्र का एक एक संकल्प तेजी से पूरा किया



जाएगा। दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में आज आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि मोदी के लिए देश में केवल एक ही जाति है और वो है गरीब। आज भाजपा की नीतियों की वजह से ही साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। उनका आत्म विश्वास बढ़ा है कि खुद गरीबी देखी पर अब अपने बच्चों को गरीबी नहीं देखने देंगे। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग रोज किलो किलो गालियां मोदी को देते है कि कैसे एक ओबीसी वर्ग का आदमी देश का प्रधानमंत्री बन गया। गरीब अन्न कल्याण योजना के बारे में उन्होंने बताया कि यह योजना अगले 5 वर्षो तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनावी घोषणा नहीं हैं, मोदी की गारंटी है। श्री मोदी ने कहा कि जब तक कांग्रेस केंद्र में रही, गरीबों को लूटती रही पर जब से एक गरीब परिवार का बेटा, आप लोगों के बीच निकला हुआ , गरीबी देखा हुआ आपका भाई , बेटा जिसे आपने ही देश का प्रधानमंत्री बनाया, उसी ने आपके ही आशीर्वाद से ऐसी नीतियां बनाई कि आज साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके है। भाजपा ने अपना काम बहुत ईमानदारी से किया है। आज देश में गरीब एकजुट होकर मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। मोदी की महासेना में शामिल होकर गरीबी दूर करने निकल रहा है तो राजनीतिक दलों के पेट में दर्द होने लग गया है। ये लोग कैसे कैसे षडयंत्र रच रहे है कि आखिर कैसे गरीब की एकता को तोड़ा जाए, आपस में लड़ाया जाए। ऐसा राजनीतिक जहर घोल रहे हैं लेकिन मैं सबसे ये कहना चाहूंगा कि हमें मिलकर ऐसी ताकतों से लड़ना है कांग्रेस गरीबों से नफरत करती है।

## कांग्रेस की तुलसी अब भाजपा के आंगन की बढ़ाएगी शोभा

**रायपुर:** कांग्रेस कमेटी भिलाई की पूर्व अध्यक्ष तुलसी साहू ने कांग्रेस इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस छोड़ने का कारण पार्टी के प्रति नाराजगी थी। कांग्रेस छोड़ने के बाद वे किस पार्टी के साथ जाएंगी इस बात पर उन्होंने कुछ जवाब नहीं दिया था। शनिवार को पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में मंच पर उनकी उपस्थिति से ऐसा माना जा रहा है कि वे कांग्रेस का साथ छोड़ अब भाजपा का दामन थामेंगी।

## 'कांग्रेस की प्राथमिकता तिजोरी भरना रही है'

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि आज केंद्रीय मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा ओबीसी वर्ग के लोगों की भागीदारी है। कांग्रेस पार्टी को यह बताना चाहिए कि आखिर ओबीसी वर्ग से इतनी नफरत क्यों है। इनके एक नेता ने तो पूरे ओबीसी समाज को चोर तक कह दिया। छत्तीसगढ़ के विषय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता प्रारंभ से ही अपनी तिजोरी भरना रही है । अपने चहेतों को नौकरी देना रही है। आज पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है " 30 टका कक्का आपका काम पक्का। " मीडिया में आ रहा है कि कैसे छत्तीसगढ़ में लूट , सट्टा, का पैसा चुनाव में लगाया जा रहा है और इनके तार किससे जुड़े हैं, आप सभी जानते हैं। देश के सुरक्षा बलों पर मुख्यमंत्री आरोप लगा रहे हैं। भ्रष्टाचारियों का हिसाब करने के लिए ही आप सभी ने मुझे दिल्ली भेजा है। आपकी सेवा करने के लिए मुझे चुनकर भेजा है। मेरा आप सभी से वादा है कि जिसने भी आपको लूटा है, उस पर कार्यवाही होगी। वो जेल जाएंगे।

**फास्ट न्यूज**

## यूपी: बिजली उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट

**लखनऊ:** योगी सरकार प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू कर रही है। यह योजना 08 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खण्डों में लागू की जाएगी। इस योजना का पहला चरण 08 से 30 नवम्बर, दूसरा चरण 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तथा तीसरा चरण 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगा। इस योजना के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी गई है तथा अधिकतम 12 किश्तों में अपने बकाए राशि के भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत समस्त विद्युत भार वाले उपभोक्ता में एल0एम0वी0-1 (घरेलू), एल0एम0वी0-2 (वाणिज्यिक), एल0एम0वी0-4बी (निजी संस्थान), एल0एम0वी0-5 (निजी नलकूप) एवं एल0एम0वी0-6 (औद्योगिक) उपभोक्ताओं को उनके सरचार्ज राशि पर अधिकतम छूट प्रदान की गयी है। साथ ही उपभोक्ताओं को उनके बकाए पर किस्तों में भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है। योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में उपभोक्ताओं को भी एकमुश्त भुगतान या किश्तों के माध्यम से भुगतान की सुविधा दी गई है। उन्हें उनके मूल बकाए और जुमार्ने की राशि पर 65 प्रतिशत छूट का लाभ दिया गया है।

## केरल में भी पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/कोच्चि**

केरल हाई कोर्ट ने धार्मिक स्थानों पर गलत समय में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। केरल हाई कोर्ट ने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल पर गलत समय में पटाखे नहीं फोड़े जाएंगे क्योंकि किसी भी पवित्र पुस्तक में ऐसा कोई आदेश नहीं है जो भगवान को प्रसन्न करने के लिए पटाखे फोड़ने का आदेश देता हो। पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए जस्टिस अमित रावल ने राज्य के सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को धार्मिक स्थानों पर छापेमारी करने और अवैध रूप से संग्रहीत पटाखों को जब्त करने का निर्देश दिया। जस्टिस रावल ने अपने आदेश में कहा कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

# पीएम मोदी ने ब्रिटिश पीएम ऋषि से की बात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक से शुक्रवार को टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चल रही वार्ता की प्रगति को लेकर चर्चा की। दोनों नेता सहमत थे कि इस समझौते से दोनों देशों को लाभ होगा। दोनों नेताओं ने पश्चिम



एशिया में चिंताजनक स्थिति पर चर्चा की और इजरायल पर हमास के हमलों की निंदा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद, बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और आम नागरिकों की जा रही जान को लेकर गहरी चिंता जताई।

**चर्चा**

8 दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की प्रगति को लेकर चर्चा की

## सेना का नजरिया मनमाना है: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिला अधिकारियों को कर्नल के रूप में सूचीबद्ध करने से इनकार करने का सेना का रवैया 'मनमाना' है। इसके साथ ही कोर्ट ने अधिकारियों को उनके प्रमोशन के लिए 15 दिन के अंदर विशेष चयन बोर्ड को फिर से बुलाने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने महिला अधिकारियों के उचित अधिकारों

## 'विधायिका कोर्ट के फैसले को खारिज नहीं कर सकती'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सीजेआई** चंद्रचूड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है।

**विधायिका क्या कर सकती है क्या नहीं...:** उन्होंने कहा, इसकी एक सीमा है कि अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं कर सकती है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है।

**अदालत के फैसले को खारिज नहीं कर सकते:** सीजेआई ने कहा, विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता को ध्यान में रखते हैं, न कि सामाजिक नैतिकता को।

**निशाने पर सीएम**

स्मृति ईरानी ने महादेव ऑनलाइन बैटिंग ऐप को लेकर भूपेश बघेल पर लगाया आरोप

# महादेव बैटिंग ऐप: 'सत्ता में रहकर सट्टा का चल रहा खेल'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्होंने पैसे का लेन-देन करने के एक आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस शख्स ने आरोप लगाया है कि महादेव बैटिंग ऐप के प्रवर्तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक 508 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुके हैं। इसको लेकर स्मृति ईरानी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई।

**सीएम भूपेश बघेल को लेकर कई बड़े दावे:** प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में स्मृति ईरानी ने कहा कि सत्ता में रहकर सट्टा का खेल जारी है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, "कल देश



के सामने भूपेश बघेल से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। असीम दास नाम के शख्स के पास से 5.30 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की गई। क्या यह सच है कि कांग्रेस नेताओं को असीम दास के माध्यम से शुभम सोनी से पैसे मिले? क्या यह सच है कि असीम दास को शुभम सोनी ने रायपुर जाने और चुनावी खर्च के रूप में बघेल को पैसे देने का आदेश दिया था?"

**शुभम सोनी ने भेजे पैसे:** स्मृति ईरानी ने कहा, "असीम दास ने अपने बयान में कबूल किया है कि वह आदेश के मुताबिक दुबई आया था। उसे आदेश दिया गया था कि कांग्रेस के चुनाव खर्च के लिए पैसे दिए जाएं। असीम दास ने कबूल किया है कि यह पैसा महादेव ऐप के तहत अवैध सट्टेबाजी का है। असीम दास ने कबूल किया है कि शुभम सोनी महादेव ऑनलाइन बुक के शीर्ष स्तर के प्रबंधन का हिस्सा है।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल कर छत्तीसगढ़ का चुनाव लड़ रही है।'



# दिल्ली में खतरनाक स्तर पर प्रदूषण

## हर व्यक्ति रोजाना कम से कम 25 सिगरेट के बराबर कर रहा धुएं का सेवन

**सावधानी बरतें**

**सूचकांक 450-500 के बीच दर्ज किया जा रहा है, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने के मामले में 25-30 सिगरेट के धुएं के बराबर है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**राजधानी** गैस के चैंबर में तब्दील होती दिखाई दे रही है। हालत यह है कि शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 450-500 के बीच दर्ज किया जा रहा है, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने के मामले में 25-30 सिगरेट के धुएं के बराबर है। यानी हर व्यक्ति रोजाना कम से कम 25 सिगरेट जितना धुंए का सेवन कर रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक लोगों को सांस लेने की समस्याएं होने लगी हैं, खासकर अस्थमा के मरीजों की मुश्किलें कुछ ज्यादा ही बढ़ गई हैं। अस्पतालों में सांस से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में 20 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। मेदांता के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल मेडिसिन, रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन के अध्यक्ष डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बताया कि हवा की गुणवत्ता बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में है। यह लोगों के सभी अंगों पर प्रतिकूल असर डालती है। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, ओजोन और कण जैसे जहरीले धुएं फेफड़ों में प्रवेश करते हैं तो यह अन्य प्रणालियों को भी प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने कहा कि जब एक्यूआई का स्तर बहुत ज्यादा हो तो बाहर जाने से बचने की कोशिश करनी चाहिए और यदि बाहर जाना जरूरी हो तो मास्क का उपयोग करें। सुबह की सैर और बाहरी व्यायाम से बचें। घर पर वायु शोधक यंत्रों का उपयोग करें। मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ फेफड़े विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण से सभी आयु वर्ग के लोग प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते हैं। यहां तक कि अजन्मे बच्चे यानी भ्रूण पर पर भी इसका असर पड़ता है। प्रदूषित कण मां से रक्त के माध्यम से भ्रूण तक पहुंच जाते हैं, और नुकसान पहुंचाते हैं।






## वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए उपयोगी हैं आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास इलाकों की हवा में घुलते जहर ने सरकार, नागरिक समाज और अदालतों की चिंता बढ़ा दी है। हवा के इस आपातकाल ने सांसों को संकट में डाल दिया है। इससे बचने के लिए लोग तरह तरह के उपाय कर रहे हैं लेकिन हवा में घुले जगह का कारगर उपाय आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खों में भी है। इसके मद्देनजर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की निदेशक डॉ. तनुजा नेसारी से आज 'हिन्दुस्थान समाचार' ने फौरी उपायों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस संकट का हल दुनिया की सबसे भरोसेमंद भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में है। लोगों को आयुर्वेद के कुछ उपायों को अपने रोजमर्रा के जीवन में उतारना होगा। उनके मुताबिक यदि इस संक्रमण काल में आप सिर्फ गर्म पानी का



सेवन शुरू कर दें, तो वह प्रदूषण की समस्या से राहत दिलाने में उपयोगी होगा। डॉ. तनुजा नेसारी ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर लोगों को अनावश्यक घर से बाहर जाना कम कर देना चाहिए। इसके साथ लोगों को सुबह-शाम गर्म पानी और नमक से गरारे करना चाहिए। नाक में अणु तेल लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोगों को जल नेति भी अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, इससे नाक को साफ रखने में काफी मदद मिलती है। घर से बाहर निकलने से पहले मास्क या स्कार्फ से चेहरा ढकना चाहिए। उन्होंने बताया कि मौजूदा स्थिति में लोगों को एसी के इस्तेमाल से जितना हो सके, बचना चाहिए। फिर चाहे घर पर हो या फिर गाड़ी में। तनुजा नेसारी ने बताया कि लोगों को इस समय खान पान का भी खास ख्याल रखना चाहिए। शाम के वक्त खट्टी दही और टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए। इस समय प्रदूषण के साथ-साथ मौसम में बदलाव हो रहा है तो खान-पान का खास ख्याल रखना चाहिए। जहां तक हो सकें ताजा खाना खाना चाहिए। प्रदूषण के मद्देनजर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए रोजाना प्राणायाम भी करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इलाइची और हल्दी शरीर में विषैले प्रभाव को कम करती है। इसलिए सुबह के नाश्ते में इलाइची या अदरक की चाय को शामिल करना चाहिए। हल्दी का दूध और च्यवनप्राश का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेहद सरल आयुर्वेद के उपायों के साथ लोग इस विषैले प्रदूषण का न केवल सामना कर सकते हैं बल्कि स्वस्थ रह सकते हैं।

## दिल्ली में सबसे ज्यादा प्रदूषण हरियाणा से आता है: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को मीडिया रिपोर्टों के हवाले से दावा किया कि दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण में सबसे बड़ी भूमिका पड़ोसी राज्य हरियाणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा तो पूरी तरह से वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग भी नहीं करता है। प्रियंका ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि देश में सबसे प्रदूषित रहे जिलों में 20 जिले हरियाणा के और दो पंजाब के हैं। इन शहरों में सबसे ऊपर हनुमानगढ़, फतेहाबाद, हिसार, झील, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा है। उन्होंने याद दिलाया कि शुक्रवार को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा था कि गाजियाबाद में उतरते ही उनकी आंखों में जलन होने लगी। प्रियंका ने कहा कि ये सारा प्रदूषण हरियाणा से है। हरियाणा वायु प्रदूषण की पूरी तरह से मॉनिटरिंग भी नहीं करता है। हरियाणा का क्षेत्रफल करीब 45 हजार वर्ग किलोमीटर है। इसमें सिर्फ 29 जगहों पर ही वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग होती है। इसके ठीक विपरीत दिल्ली में एक पढ़ी-लिखी सरकार है। दिल्ली में करीब 37 किलोमीटर पर एक मॉनिटरिंग सेंटर है और कुल 40 मॉनिटर हैं। उन्होंने कहा कि हम समस्याओं का समाधान निकालने में विश्वास रखते हैं। शुक्रवार को गाजियाबाद के लोनी में एक अफसर के घर के आगे एक्यूआई मॉनिटर लगा हुआ है। वहां रीडिंग कम रखने के लिए



लगातार वाटर कैनन का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके बावजूद वहां की रीडिंग दिल्ली से ज्यादा थी। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि पंजाब में पराली का एपीसेंटर दिल्ली से करीब 500 किलोमीटर दूर है जबकि हरियाणा का 129 किलोमीटर दूर है। हवा की गति भी कम है। इसलिए यह समझा जा सकता है कि दिल्ली में पराली का प्रदूषण कहां से आ रहा है। हरियाणा सरकार से सवाल पूछा जाना लाजमी है कि वो पराली के प्रदूषण को कम क्यों नहीं कर पा रही है जबकि पंजाब में केवल एक साल में करके दिखा दिया। हरियाणा सरकार ने पराली के समाधान के लिए क्या कदम उठाए हैं या किस इंडस्ट्री के साथ समझौता किया है, ताकि वो पराली खरीद लें। पंजाब सरकार ने भटिंडा में 9 केंद्र बनाए हैं, जहां पर पराली को जमा किया जा सकता है और इंडस्ट्री में इस्तेमाल हो सकता है।

## बवाना इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्टरी में भीष आग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

उत्तरी दिल्ली के बवाना इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर 5 स्थित साइकिल असेंबल करने वाली एक फैक्टरी में शनिवार को भीषण आग लग गई। इसमें बिल्डिंग का दो फ्लोर पूरी तरह चपेट में आ गया है। मौके पर 100 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को सुबह 9:00 बजे मिली थी। फिलहाल किसी के अंदर फंसे होने की आशंका नहीं है। आग बुझाने का काम जारी है। मौके पर दमकल की 20 गाड़ियां पहुंची, जो आग बुझाने का काम कर रही हैं। दमकल विभाग के अनुसार पिछले साल के मुकाबले इस बार आग लगने की ज्यादा घटनाएं सामने आई हैं।

## जहरीली हवा बिगाड़ रही लोगों का मिजाज

**प्रदूषण की मार**

**प्रदूषण से कमजोर हो रही हैं दिमाग की नसें और बढ़ रहे मानसिक रोग, लोगों का मिजाज भी बिगड़ रहा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बिगड़ी** हवा से दिल्ली-एनसीआर के लोगों का मिजाज भी बिगड़ रहा है। हर सांस के साथ अंदर जा रही दूषित हवा ने दिमाग की केमिस्ट्री में हलचल पैदा की है। इससे दिमाग में ताजगी भरने वाली ऑक्सीजन प्रदूषकों से लड़ रही है। नतीजतन मस्तिष्क ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को शिकार हुआ है। तनाव से भरे दिमाग ने शरीर के भीतर की रसायनिक क्रियाओं को भी असंतुलित कर दिया है। विशेषज्ञों



का कहना है कि लंबे वक्त तक प्रदूषित हवा में रहने का असर दिल्ली-एनसीआर के लोगों में दिखने लगा है। आगे पांच-सात सालों में आम इंसानों की जिंदगी पर इसका असर खतरनाक होगा। फिलहाल इस तरह के तनाव और उससे पैदा होने वाला असंतुलन बच्चों में साफ-साफ दिख रहा है। अलग-अलग अध्ययनों के आधार पर इबहास, आरएमएल, एम्स व सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि दिमाग में पहुंच रहे प्रदूषक ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा कर रहे हैं। इसमें बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन की खपत प्रदूषक तत्वों को पचाने में लग जाती है। कोशिकाओं को इससे आवश्यक ऊर्जा नहीं मिलती और धीरे-धीरे वह काम करना बंद कर देती है। एक ऐसी स्थिति भी आती है, जब कोशिकाएं नियंत्रक संदेश खुद से संबंधित अंग तक पहुंचाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में वह अंग प्रतिक्रिया देना बंद कर देता है। अलग-अलग अंगों पर इसका अलग असर पड़ता है।

**प्रदूषण बढ़ा रहा ये समस्या**

- घबराहट व बेचैनी
- मधुमेह, तनाव
- महिला व पुरुषों में बांझपन
- शरीर में सूजन वाले रोग
- हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक
- लकवा, एंजाइटी
- लंग्स से जुड़ी समस्याएं
- अल्जाइमर, पार्किंसंस सहित अन्य न्यूरो समस्या
- आक्रामकता व व्यवहार में बदलाव
- नींद में खलल आत्महत्या के मामलों में हुई बढ़ोतरी

## रामलला को 101 हीरे और सोने से बना मुकुट दान करना चाहता है सुकेश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ठग** सुकेश चंद्रशेखर दिल्ली की जेल में बंद है। जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने अयोध्या राम मंदिर में रामलला की मूर्ति के लिए 101 हीरे और 11 किलो सोने से बने मुकुट को दान करने की इच्छा जाहिर की है। सुकेश ने जेल से एक पत्र लिखकर इसके लिए अनुमति मांगी है। सुकेश ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख को चिट्ठी लिखी है। इस पत्र में सुकेश ने लिखा है कि वह रमलला की मूर्ति के लिए मुकुट दान करना चाहता है। ठग सुकेश ने लेटर लिखा कि वह अपने सामर्थ्य के अनुसार दान कर रहा है। वह जिस मुकुट को दान करना चाहता है वह मुकुट 11 किलो के 916 कैरेट सोने और 101 हीरों से बना है। मुकुट में लगे हर एक हीरे का वजन पांच कैरेट है।

## न्यूजक्लिक संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की जमानत याचिका पर 17 को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने न्यूज क्लिक संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने 17 नवंबर को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने 27 अक्टूबर को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज क्लिक के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। 2 नवंबर को कोर्ट ने प्रबीर और अमित चक्रवर्ती को 2 दिसंबर



तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 25 अक्टूबर को कोर्ट ने दोनों को 2 नवंबर तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। इसके पहले दोनों न्यायिक हिरासत में थे। दोनों को न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स में खबर छपी थी कि न्यूज क्लिक को चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ाने के लिए पैसे मिले हैं। खबर के मुताबिक अमेरिकी मिलियनेर नेविली रॉय सिंघम ने न्यूज क्लिक को चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ावा देने के लिए धन दिए।

कोर्ट ने 3 अक्टूबर को प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को कोर्ट ने सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा था। 3 अक्टूबर को इस मामले में कई पत्रकारों, यूट्यूबर्स और कार्टूनिस्ट के यहां छापा डाला गया था।

## डीटीसी बस ने कई वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के रोहिणी इलाके में डीटीसी की एक तेज रफ्तार बेकाबू बस ने कई लोगों को टक्कर मार दी। कई दुपहिया वाहन भी इस बस की चपेट में आ गए। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई है और दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर रोहिणी स्थित मदर डिवाइन स्कूल के पास एक तेज रफ्तार बस ने कई वाहनों को टक्कर कर दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों

**हादसा**

**कई दुपहिया वाहन भी इस बस की चपेट में आ गए। एक शख्स की मौत हो गई है और दो की हालत गंभीर बताई जा रही है**

को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के पास से ऐसी कोई चीज नहीं मिली है, जिससे उसकी पहचान हो सके। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है।

## आईआईटी दिल्ली ने स्कूली छात्रों के लिए शोध का प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने शनिवार को अपने परिसर में स्कूली छात्रों के लिए अपने प्रमुख कार्यक्रम 16वें ओपन हाउस का आयोजन किया। इसमें संस्थान के संकाय और छात्रों ने स्कूली छात्रों के लिए कुछ अत्याधुनिक शोध कार्य प्रदर्शित किए। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के 40 से अधिक स्कूलों के लगभग 2000 स्कूली छात्रों ने ओपन हाउस के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को देखने और उनमें

**कार्यक्रम**

**इसमें संस्थान के संकाय और छात्रों ने स्कूली छात्रों के लिए कुछ अत्याधुनिक शोध कार्य प्रदर्शित किए**

भाग लेने के लिए आईआईटी दिल्ली पहुंचे। 16वें ओपन हाउस में नवीन अनुसंधान और उत्पाद विकास परियोजनाओं का व्यापक संग्रह प्रदर्शित किया गया। शोधकताओं ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डालते हुए लगभग 50 कार्यात्मक डेमो और 100 शोध पोस्टर प्रदर्शित किए। आईआईटी दिल्ली के छात्र-नेतृत्व वाले सात तकनीकी क्लबों जिनमें रोबोटिक्स क्लब, हाइपरलूप क्लब, एक्सएलआर8आर फॉमूर्ला रेसिंग क्लब, डेवक्लब, इकोनॉमिक्स क्लब, एयरोमॉडलिंग क्लब और ब्लॉकसोक ने भी ओपन हाउस में अपने काम का प्रदर्शन किया। स्कूली छात्रों ने संस्थान के विभिन्न विभागों और केंद्रों में लगभग 80 प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया।

**जिंदगी बचाई** — चार सेंटीमीटर सुई निगल गया बच्चाः बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की टीम ने बच्चे के बाएं फेफड़े में गहराई से धंसी बड़ी सिलाई मशीन की सुई को निकालने का फैसला किया

## एम्स के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाली, छाती के लेफ्ट साइड फंसी थी निडिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एम्स** में चुंबक की मदद से सात साल के बच्चे की छाती में फंसे कपड़े सीलने वाली सुई को निकाला गया। खेल-खेल में बच्चा इस सुई को निगल गया था। सुई खाने के बाद बच्चे को बुखार आया। बुखार के साथ खांसी भी हुई, जिसमें खून आया। मां को यह सब अजीब लगा और तुरंत उसे अस्पताल लेकर आए, जहां एक्सरे करने पर छाती में एक चार सेंटीमीटर की सुई दिखाई दी। यह देखकर डॉक्टरों के होश उड़ गए। सुई छाती को अंदर से लगातार घायल कर रही थी, उसे तुरंत निकालना जरूरी था, नहीं तो बच्चे की मौत तक हो सकती थी। बच्चे को पहले एक निजी अस्पताल में लाया गया। वहां से एम्स रेफर कर दिया गया।

एम्स में लाने के बाद पहले बच्चे की पूरी जांच की गई। उसके बाद तुरंत बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की टीम ने बच्चे के बाएं फेफड़े में गहराई से धंसी बड़ी सिलाई मशीन की सुई को निकालने का फैसला किया। लेकिन चुनौती उसे निकालना था। सर्जिकल उपकरण की मदद से उसे निकाला नहीं जा सकता था। समस्या को देखते हुए विभाग के डॉ. विशेष जैन और डॉ. देवेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में सर्जिकल टीम तैयार हुई। काफी देर तक इस सर्जरी के लिए प्लान तैयार होता रहा। इसके बाद डॉ. जैन एक करीबी परिचित के पास पहुंचे, जिसने तुरंत उसी शाम, चांदनी चौक बाजार से एक



शक्तिशाली चुंबक उपलब्ध करवाया। करीब चार मिमी चौड़ाई और 1.5 मिमी मोटाई वाला विशेष चुंबक की मदद से सर्जरी का उपकरण बनाने कर फैसला लिया गया।

**चुंबकीय उपकरण**

**प्लान बनने के बाद दोनों डॉक्टरों ने तकनीकी अधिकारी सत्य प्रकाश के साथ सर्जरी के लिए योजना बनाई**

**कठिन थी सर्जरी:** प्लान बनने के बाद दोनों डॉक्टरों ने तकनीकी अधिकारी सत्य प्रकाश के साथ सर्जरी के लिए योजना बनाई। इसमें फैसला लिया गया कि गले के रास्ते उपकरण को फेफड़े के उस हिस्से तक पहुंचाएंगे। इसके लिए पहले जबड़े को सुरक्षित करने के लिए उपकरण लगाया गया। उसके बाद चुंबक को धागे और एक रबर बैंड की मदद से उपकरण में बांधकर सुरक्षित रूप से चिपका दिया गया था। उपकरण की अच्छी तरह से जांच की गई। उसके बाद मरीज को एनेस्थीसिया दिया गया। टीम ने बाएं फेफड़े के भीतर सुई के स्थान का आकलन करने के लिए श्वास नली की एंडोस्कोपी शुरू की। उन्हें जो मिला वह केवल सुई की नोक थी, जो फेफड़ों के भीतर गहराई तक पहुंच गई है।

यह उस हिस्से को नुकसान पहुंचा रही है। उसके बाद उस चुंबक युक्त उपकरण को सावधानीपूर्वक मुंह के रास्ते फेफड़ों तक डाला गया। कड़ी मेहनत के बाद चुंबकीय बल की मदद से सुई को निकाला गया।

**मां ने दिखाई थी समझदारी:** सात सात के बच्चे की मां ने इस मामले में समझदारी दिखाई।

दरअसल दिल्ली के सीलमपुर में रहने वाले इस बच्चे को रविवार को बुखार आया। मां को लगा सब सामान्य होगा। लेकिन अगले ही दिन खांसी के साथ खून भी आया। यह देख मां का माथा ठनका और उसे अस्पताल ले आई। बुधवार को एक्सरे जांच में सुई का पता चला।

इसके बाद डॉक्टरों की सलाह के बाद उसे बृहस्पतिवार को एम्स लाया गया। यहां हुई बच्चे की सर्जरी होने के बाद शनिवार को छुट्टी दे दी जाएगी। बच्चा पुरी तरह से ठीक है।

# 'हरियाणा की खेल नीति देश में सर्वश्रेष्ठ, दूसरे राज्य कर रहे अनुसरण'

## हरियाणा में ऑलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाती है और इसके साथ-साथ नौकरी दिए जाने का भी प्रावधान है: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति सारे देश में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है और दूसरे राज्य भी इसका अनुसरण कर रहे हैं। हरियाणा में ऑलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाती है और इसके साथ-साथ नौकरी दिए जाने का भी प्रावधान है। गृह मंत्री अम्बाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के जिम्नास्टिक हाल में 37वीं नेशनल गेम्स में जिम्नास्टिक के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहे थे। इससे पहले उनके यहां पहुंचने पर अम्बाला छावनी के एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, जिम्नास्टिक एसोसिएशन के पदाधिकरियों व अन्य ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन भी किया। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर 37वीं नेशनल गेम्स में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारा शौक ही नहीं बल्कि यह हमारी आवश्यकता है क्योंकि युवाओं की जो सकारात्मक उर्जा है, वह कहीं भटक ना जाए। जिस प्रकार से आज नशे का बहुत ज्यादा दुष्प्रभाव हो रहा है। अनेकों बच्चे इसके चंगुल में फसकर अपनी जिंदगी को खराब कर रहे हैं, ऐसे समय में उनको बाहर लाने के लिए खेल ही एक बड़ा उत्तम साधन है। वह मानते हैं कि खिलाड़ी स्वस्थ व तंदुरुस्त रहेगा तो वह अच्छा प्रदर्शन करता है और बुराईयों को अपने पास भी नहीं आने देता। नेशनल गेम्स जिम्नास्टिक में अम्बाला के योगेश्वर सिंह ने तीन स्वर्ण पदक व दो कांस्य पदक तथा साहिल यादव व रोहित कुमार ने एक-एक कांस्य पदक जीतकर अम्बाला का नाम रोशन करने का काम किया है। इन सभी खिलाड़ियों को गृह मंत्री अनिल विज ने सम्मानित करते हुए योगेश्वर सिंह को एक लाख एवं अन्य दो खिलाड़ियों को 50-50 हजार रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की।





**खेलते हुए खिलाड़ी का हौंसला बढ़ाने में हमारा महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए : मंत्री अनिल विज**

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि खिलाडि?ों को आगे बढाने के लिए जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर होना चाहिए वहीं खेलते हुए खिलाडियों का हौसला बढ़ाने में हमारा महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। उन्होने इसका उदाहरण बताया कि वह ब्राजील में ऑलम्पिक देखने गया था, तब साक्षी मलिक का मुकाबला चल रहा तो और वह भी उस दौरान वहां मौजूद थे। मुकाबले में साक्षी मलिक पीछे चल रही थी, केवल 18 सेकेंड ही रह गए थे, तो सबसे पहले उन्होंने साक्षी मलिक को प्रोत्साहित करते हुए आगे बढ? के लिए कहा जिसके बाद वहां वहां पर मौजूद के लोगों ने भी उसे प्रोत्साहित करते हुए उसका हौसला बढ़ाया और साक्षी मलिक ने बाजी पलटकर जीत हासिल कर ली। गृहमंत्री ने कहा कि जब उनके पास खेल विभाग था तो उन्होंने खेल नीति बनवाई और इस खेल नीति को बनाने से पहले सभी खिलाड़ियों को, चाहे वह किसी भी खेल से सम्बन्धित थे, उन्हें बुलाया, उनके सुझाव जाने। जो भी उन्होंने सुझाव दिए, नियमानुसार उन्हें खेल नीति में शामिल किया गया और इसका परिणाम है कि आज हरियाणा की खेल नीति सारे देश में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है।

**हरियाणा की माटी में खेल है तथा हरियाणा के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया : अनिल विज**

गृहमंत्री ने यह भी कहा कि ऑलम्पिक में गोल्ड मैडल जीतने वाले खिलाडी को 6 करोड़ रुपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। इसके साथ-साथ नौकरी दिए जाने का भी प्रावधान है। आज हरियाणा की खेल नीति की सभी जगह सराहना हो रही है। हरियाणा की मिट्टी में खेल है तथा हरियाणा के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा पदक जीतकर हरियाणा व देश का नाम रोशन करने का काम किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व्यक्तिगत रूप से खेलों पर ध्यान देते हैं। कोई भी खिलाडी चाहे वह किसी भी खेल से सम्बन्धित हो, मेडल जीतता है तो सबसे पहले वह उसे मुबारकबाद देते हैं। एशियार्ड गेमों में भी उन्होंने खिलाड़ियों को मुबारकबाद देते हुए उनकी पीठ थपथपाई थी। उसी प्रकार हरियाणा में भी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने खिलाडियों के लिए खजाने का ताला खोल रखा है।

**अम्बाला में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई : मंत्री**

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध है। फीफा से अप्रूव्ड फुटबाल खेल स्टेडियम, आल वेदर स्विमिंग पुल, आधुनिक सुविधाओं से युक्त जिम्नास्टिक हाल खिलाडियों को उपलब्ध करवाया गया है। यहां पर राष्ट्रीय स्तर के खेल हो रहे हैं, अम्बाला छावनी जोकि फुटबाल का गढ़ था, इसके दृष्टिगत यहां पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का फीफा से अप्रपूर्वड फुटबाल खेल स्टेडियम बनाया गया है। दोबारा से अम्बाला का फुटबाल उसी यौवन पर आएगा।

# सात समुंदर पार 'लंदन' में पहली हुआ रामलीला का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**अंतरराष्ट्रीय** मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि पहली बार लंदन, इंग्लैंड में एक महत्वपूर्ण रामलीला का आयोजन हुआ, जिसमें पॉल स्कली (मंत्री, यूके), एलियट कोलबर्न (कार्शल्टन जनप्रतिनिधि, यूके), कोलिन स्टीयर्स (मेयर, सटन शहर), संजय सिंह (भारतीय उच्च दूतावास के दूसरे सचिव, समन्वय), सुनील चोपड़ा (साउथर्क के पूर्व मेयर), और रवि शर्मा (फ्ख छट्र्ङ्क'ि) जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों का साथ था। इस महोत्सव को और भी खास बनाने के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री हरियाणा राम विलास शर्मा ने भी मेसेज भेज के आशीर्वाद दिया। इस स्मारकीय सांस्कृतिक उत्सव के पीछे सटन फ्रेंड्स के रूप में जाना जाने वाला समर्पित सामुदायिक समूह था, जिसमें सटन और उसके आसपास रहने वाले 1000 से अधिक भारतीय मूल के परिवार शामिल हैं। "इंडियन फ्रेंड्स ऑफ सटन" के बैनर के तहत संचालित, ये व्यक्ति अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और इसे व्यापक लंदन समुदाय के साथ साझा करने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता के साथ एकजुट हुए।

**एकजुट**

**8 लंदन समुदाय के साथ साझा करने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता के साथ एकजुट हुए**

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस असाधारण आयोजन के आयोजन का नेतृत्व प्रवीण कुमार ने किया, जिसमें आशीष जैन, अमोल चौधरी, अनूप काबरा और भावेश झावेरी जैसे व्यक्तियों का अटूट समर्थन था।

# मंगलवार को लगेगा आँखों का मुफ्त जांच व ऑपरेशन कैंप

**सोनीपत: दी** महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति के उपाध्यक्ष व मिडिया प्रभारी संजय सिंगला ने बताया की मंगलवार दिनांक 07 नवंबर 2023 को अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी सोनीपत में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गुरु ग्राम के प्रसिद्ध हस्पताल इंदिरा गाँधी आई हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा जरूरत मंद लोगों के लिए एक निशुल्क आँखों जांच व ऑपरेशन कैम्प लगाया जायेगा, समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल व महामंत्री ओ डी गर्ग ने बताया कि इस कैम्प में मरीजों को दवाई बिल्कुल मुफ्त दी जाएगी।

# 25 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत सी**आईए टू पुलिस टीम ने बरसत रोड पर स्थित इंस्टाकार्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 25 लाख रूपए कीमत के सामान की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को शुक्रवार शाम को गोहाना बस स्टेंड से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। आरोपी की पहचान संदीप पुत्र रमेश निवासी चरखी दादरी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि थाना तहसील कैंप में अकरम निवासी जीन्द ने शिकायत देकर बताया था कि वह पानीपत इंस्टाकार्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के आफिस में हब इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। कंपनी को फलियकार्ट कंपनी मेन पावर उपलब्ध करवाती है। कंपनी ने ग्राहक तक सामान पहुचाने के लिए सुनील पुत्र धनराज, आशिष पुत्र पवन व साहिल पुत्र सुनील को डिलीवरी बॉय के रूप में काम पर रखा था। 20 सितम्बर को ऑफिस से सुनील 36 पार्सल, आशिष 36 पार्सल व साहिल 49 पार्सल लेकर डिलीवरी के लिए लेकर निकले थे। साय करीब 4 बजे फोन किया तो तीनों लड़कों के नंबर बंद मिले। कोई भी पार्सल अपडेट नही हुआ। जिनकी 25 लाख 12 हजार 84 रूपए कीमत है। उन्हे शक है कि तीनों लड़के कंपनी का सामान लेकर फरार हो गए है। शिकायत पर थाना तहसील कैंप में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मामले की जांच सीआईए टू पुलिस टीम को सौपी थी। पुलिस टीम ने जांच करते हुए अपने गुप्त सोर्स एक्टिव कर शुक्रवार शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी संदीप पुत्र रमेश निवासी चरखी दादरी को गोहाना बस स्टेंड से काबू करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस पूछताछ में आरोपी संदीप ने मामले में नामजद अपने दो अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर कंपनी से 25 लाख रूपए कीमत के सामान की धोखाधड़ी करने बारे स्वीकारा।



**काबू किया**

**8 फरार चल रहे आरोपी को शुक्रवार शाम को गोहाना बस स्टेंड से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की**

# मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे मचाई धूम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

जिला बाल कल्याण समिति, हरियाणा राज्य (चंडीगढ़) के सौजन्य से यमुनानगर मे डिवीजनल स्तर पर 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन डीएवी कॉलेज, यमुनानगर मे हुआ। इन प्रतियोगिताओं में मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक पुरस्कार प्राप्त किये। समूह नृत्य में प्रथम पुरस्कार (ग्रुप चौथे) में प्राप्त किया। समूह नृत्य में प्रथम पुरस्कार (ग्रुप तीसरे) में प्राप्त किया। समूह गान में भी प्रथम पुरस्कार (ग्रुप चौथे) में प्राप्त किया व एकांकी नाटक (ग्रुप चौथे) में भी प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इन सभी छात्रों का अभ्यास विद्यालय की संगीत अध्यापिका श्रीमती मंजीत कौर, शिवानी व अध्यापक श्री दिनेश के मार्गदर्शन में हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी व उनके अभिभावकों को भी बधाई दी। डॉ आर आर सूरी ने छात्रों को शुभाशीष देते हुए कहा कि छात्रों मे पढ़ने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भी भाग लेना चाहिए।



**उत्कृष्ट**

**8 छात्र-छात्राओं ने अनेक पुरस्कार प्राप्त किये। समूह नृत्य में प्रथम पुरस्कार (ग्रुप चौथे) में प्राप्त किया**

# एकता दिवस पर दिलाई गई देश की एकता-अखंडता की शपथ



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**31 अक्टूबर** को सम्पूर्ण भारतवर्ष में एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला पुलिस मुख्यालय कुरुक्षेत्र पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को याद करते हुए एकता दिवस मनाया गया। मंगलवार को जिला पुलिस मुख्यालय कुरुक्षेत्र पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को याद करते हुए एकता दिवस मनाया गया। देश की एकता और अखंडता की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर पुलिस पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने समारोह में भाग लिया । इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने अधिकारियों/कर्मचारियों को देश को समर्पित एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31अक्टूबर को हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाती है । उन्हें सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नडियाद गुजरात के एक किसान परिवार में हुआ । आमजन उन्हें सरदार पटेल और राजनीतिक लोग लौह पुरुष के नाम से जानते थे । उन्होंने जीवन में अनेकों सत्याग्रह किए जिसमें खेड़ा सत्याग्रह, झंडा सत्याग्रह व बारदोली सत्याग्रह किए । इसके साथ-साथ उन्होंने 1930 में गांधी जी के साथ नमक सत्याग्रह आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी` सरदार पटेल कूटनीति क्षमताओं के लिए जाने जाते थे। उन्होंने देश की 562 रियासतों का विलय कर देश की अखंडता को एक नया आयाम दिया । सरदार पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री बने।

**एकता दिवस**

**8 मुख्यालय कुरुक्षेत्र पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को याद करते हुए एकता दिवस मनाया गया**

# रैन बसेरे का किया शुभारंभ

**रोहतकः जन** सेवा संस्थान रोहतक द्वारा पुराने बस स्टैंड पर रैन बसेरे की शुरूआत 5 नवंबर रविवार से की जा रही है । इसका शुभारंभ श्री राजेश जैन जी, एम डी, एल पी एस बोसॉर्ड करेंगे । मेयर श्री मनमोहन गोयल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

प्रातः 9.30 बजे हवन होगा व 10.30 बजे उद्घाटन होगा । इस रैन बसेरे में 50 आदमियो की रहने की व्यवस्था रहेगी । यदि ज्यादा जरूरतमंद आ जाते हैं तो उन्हें एम्बुलेंस द्वारा ले जाकर वृद्धाश्रम में रात्रि निवास की व्यवस्था रहेगी । रजाई, कम्बल,गद्दा , तकिया व सायं का भोजन सभी निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

# युवाओं ने दिखाई कांग्रेस में आस्था, संजय के नेतृत्व में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत शहरी विधानसभा** से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल के कार्यालय में पानीपत शहरी विधानसभा के कच्चे कैंप से युवा साथियों ने कांग्रेस पार्टी में अपने आस्था दिखाते हुए शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने सभी युवा साथियों को पटका पहनकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। वही मैंने बताया कि आज जिस प्रकार से बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के कारण पूरे भारत का युवा हताश है वही गलत नीतियों से तंग आकर दिन प्रतिदिन युवा कांग्रेस की ओर अपना विश्वास जाता रहे हैं ऐसे में आज हमारे पानीपत शहरी विधानसभा की युवा साथी कांग्रेस पार्टी में आस्था दिखाते हुए शामिल हुए। ऐसे में सभी साथियों का पार्टी में शामिल होने पर बहुत-बहुत स्वागत है। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है आने वाले 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है जिसमें सबसे बड़ी भागीदारी युवाओं की होगी। वहीं कच्चे के युवा साथी पारस अरोड़ा ने बताया कि आज हम मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के कारण बहुत दुखी है ऐसे में आदरणीय संजय अग्रवाल की विचारों से प्रेरित होकर एवं उनके काम करने के ढंग से प्रेरित होकर आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं वहीं आने वाले 2024 के चुनाव में पूर्ण रूप से कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल के नेतृत्व में काम करेंगे वही आज मेरे युवा साथी निशांत,लकी,अनिकेत,साहिल,देवांशकृष्ण कालरा, नितिन,मोहित कुमार,अविनाश लाहोटी, विशाल बहोट, मोहित, विधु,सावन,साहिल आदि साथियों ने मेरे साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए वही इस दौरान अंकुश ढींगिया ,अंकित गहलोत कांग्रेस सेवा दल के जिला प्रधान दीपक शर्मा, उर्वश राजपूत, विजय कालरा आदि मौजूद रहे।



**कांग्रेस का दामन**

**8 आज जिस प्रकार से बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के कारण पूरे भारत का युवा हताश है: संजय अग्रवाल**

# फसल विशेष प्रबंध पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत के प्रांगण में फसल विशेष प्रबंध पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रयोग होने वाली तकनीक के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की उन्होंने बताया कि धान-गेहूं फसल चक्र पानीपत जिले में काफी लोकप्रिय है। धान की कटाई के बाद काफी मात्रा में फसल अवशेष उत्पन्न होते हैं जिनका विभिन्न तकनीकों के माध्यम से प्रबंध किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पूसा वेस्ट डीकम्पोजर के प्रयोग से कम खर्चे में धान के अवशेषों का प्रबंध हो जाता है, यह तकनीक मिट्टी विभाग वातावरण के लिए अतिउत्तंम है। उन्होंने बताया कि धान की कटाई हाथ द्वारा करने के बाद जीरो टिलेज तकनीक द्वारा गेहूं की सीधी बिजाई की जा सकती है जिसमें किसान की लागत कम हो जाती है व साथ की साथ गेहूं की समय पर बिजाई हो जाती है। इसके अतिरिक्त किसान भाई धान की कटाई कंम्बाइन हार्वेस्टर से करवाने के बाद हैप्पी सीडर मशीन से सीधी बजाई कर सकते हैं। इसके अलावा सुपर सीडर मशीन भी फसल अवशेष प्रबंधन में काफी लोकप्रिय है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर सतपाल सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्योरा पर पंजीकरण के लिए किसान भाइयों को प्रेरित किया। डॉक्टर सुनील सांगवान, मृदा वैज्ञानिक, ने जैव उर्वरक के बारे में विस्तार से चर्चा की, उन्होंने बताया कि अजोटोबैकटर व पी.एस.बी. के द्वारा गेहूं के बीज का उपचार करने से न केवल उत्पादन बढ़ता है।



**जागरूक किया**

**8 मुख्य उद्देश्य फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रयोग होने वाली तकनीक के बारे में जागरूक करना था**

# पशुपतिनाथ मंदिर निर्माण हेतू दस नदियो का जल लेकर पहुंचे अंबाला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नेपाल एक तीर्थ सथल है जिसे देवी देवताओं की पुण्य भूमि माना जाता है अंबाला शहर में बनने जा रहे श्री पशुपतिनाथ मंदिर निर्माण हेतू सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली संस्था के कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा व सेवादार ज्ञान बहादुर द्वारा अंबाला शहर में जल्द बनने जा रहा है श्री पशुपतिनाथ मंदिर भूमी पूजन हेतु नेपाल में मुख्य 10 नदियो का जल एवं पुन्य दो स्थलों की मिट्टी एकत्रित कर दीवाली पर्व के बाद एकादशी पूर्णमासी के दिन मंदिर निर्माण हेतु अंबाला शहर हीरा नगर में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नेपाल में स्थित श्री पशुपतिनाथ मंदिर में स्थित बगवती नदी एवं श्री रारायणी नदी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संस्था की तरफ से अपील अधिक से अधिक लोग मन्दिर निर्माण हेतू बढ़चढ़ कर दे अपना योगदान।



# त्यौहारों का सीजन: छोटे वाहनों की एंट्री के लिए दुकानदारों ने लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
त्यौहारों के चलते बाजारों में भीड़ बड़ने को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी। जिसके चलते शहर के भीतर भारी वाहनों की एंट्री के साथ साथ कपड़ा मार्केट में ई रिक्शा के आने जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। जहां एक तरफ नगर निगम की टीम व पुलिस प्रशासन अंबाला शहर की कपड़ा मार्केट में व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार कार्यवाही कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इस कार्यवाही का प्रभाव अब दुकानदार की दुकानदारी पर भी पड़ता हुआ नजर आ रहा है। जहां एक और

**सुचारू रूप से**

8 बाजारों में भीड़ बड़ने को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए तैयारियां शुरू

ट्रैफिक की समस्या से निजात मिली तो वही दुकानदारों का कहना है कि बाजार में बैरिकेट्स लगने से बिक्री पर काफी प्रभाव पड़ा है ग्राहक बेरीकेट्स देख कर ही मुड़ जाते हैं। बाजार में ट्रैफिक व अतिक्रमण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसका परिणाम भी




देखने को मिल रहा है। बाजारों में अब आसानी से ग्राहक खरीदारी के लिए आ सकते हैं क्योंकि ट्रैफिक की स्थिति पर पुलिस ने काबू पा लिया है शहर की मार्केट में दोनों तरफ बैरिकेटिंग्स कर दी गई है। जिससे भारी व्हीकल की एंट्री बाजार में बंद हो गई है। इसका सीधा असर दुकानदारों की ग्राहकी पर भी पड़ रहा है। त्यौहार के समय मे उनका सामान सही से नही बिक पा रहा है।

दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन ने काफी अच्छी व्यवस्था की है इससे जाम की स्थिति नियंत्रण हुई है लेकिन बात करें अगर खरीदारी की तो वह कहीं ना कहीं प्रभावित हो रही है क्योंकि बैरिकेट्स को देखकर ही ग्राहक मुड़ जाते हैं और कई बड़े बुजुर्ग जिन्हें बाजार आना होता है जो ई-रिक्शा में बाजार के अंदर तक आ सकते थे
ई-रिक्शा की एंट्री बंद होने से वह लोग भी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं तो कहीं ना कहीं बिक्री पर भी इसका असर पड़ रहा है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। ग्राहकों की कमी होने लगी है उनकी प्रशासन से यही अपील है कि इन छोटे-छोटे व्हीकल को मार्केट में आने दिया जाए ताकि ग्राहक खरीदारी कर सके वह व्यापार में मुनाफा हो हालांकि किसी को भी वाहन गलत तरीके से खड़ा ना करने दिया जाए।

## वरिष्ठजनों के लिए भी लाभदायक है योगाभ्यास: लक्ष्मीनारायण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**लक्ष्य** स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा योग के प्रचार प्रसार हेतु सोनीपत स्थित मॉडल टाउन की लेडीज पार्क में योग शिविर का शुक्रवार से शुभारंभ किया गया। शिविर में उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए समिति के प्रधान लक्ष्मीनारायण ने बताया कि नियमित योगाभ्यास करने वाले साधक सदैव स्वस्थ रहते हैं,वरिष्ठजन तो बढ़ती उम्र के साथ होने वाले रोगों से भी बचे रहते हैं। नियमित योगाभ्यास केवल युवाओं,बच्चों के लिए ही नही वरन वरिष्ठजनों के लिए लाभदायक हैं। उनको नियमित ताड़ासन,पवनमुक्तासन, बालासन, शवासन आदि का अभ्यास अवश्य ही करना चाहिए इससे वे



तनावमुक्त रहेंगे और उनका मन मस्तिष्क शांत रहेगा। आत्मबल में वृद्धि होगी,एकाकीपन भी कम महसूस होगा। शिविर में साधकों को खड़े होकर किए जाने वाले आसन जैसे ताड़ासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन बैठकर किए जाने वाले मंडूकासन, वज्रासन पीठ के बल लेटकर पवनमुक्तासन, मर्कटासन के साथ साथ भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोमविलोम, भ्रामरी आदि प्राणायामों के अभ्यास के साथ साथ उनसे होने वाले लाभों से भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर महेन्द्रपाल पंवार,सतवीर गौतम,रणसिंह राणा, पंकज,पुष्पा, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### उपायुक्त ने गन्नौर के मदतान केंद्रों का किया निरीक्षण, दो बीएलओ मिले अनुपस्थित

**गन्नौर:।** मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर 4 और 5 नवंबर को चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने गन्नौर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल तथा राजकीय माडल संस्कृति स्कूल में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो बीएलओ अनुपस्थित मिले। जिस पर दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों का सहयोग लेकर लोगों को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें। इसके पश्चात उपायुक्त ने गन्नौर शहर का दौरा करते हुए गन्नौर के मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण को लेकर संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमणों को तुरंत हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोड़ के दोनों और पीली पट्टड्ढी खींची जाए। यदि पीली पट्टी से रोड़ की तरफ कोई वाहन या रेहड़ी खड़ी मिले तो उसका तुरंत चालान करें। इस मौके पर एसडीएम निर्मल नागर, एसीपी गोरखपाल राणा व कानूनगो धर्मबीर वर्मा मौजूद रहे।

### क्रोमा के 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' में दिवाली के लिए शानदार डील्स

**गाजियाबाद।** इस दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में शुरू हुआ है 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' कैम्पेन। 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले इस कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और क्रोमा डॉट कॉम वेबसाइट पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर पेश किए गए हैं।
स्मार्ट टीवी से लेकर लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और कई अन्य उत्पादों पर इन ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, क्रोमा ने आकर्षक छूट और ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ क्रोमा स्टोर्स, क्रोमा डॉट कॉम वेबसाइट और टाटा नेउ पर लिया जा सकता है।

## खेत में बने कमरे में शराब पीने से मना करने पर बुजुर्ग को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव में खेत के अंदर बने कमरे में ताला तोड़कर शराब पी रहे युवक ने बुजुर्ग की पिटाई कर घायल कर दिया। बुजुर्ग का आरोप है कि आरोपित ने उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। घायल के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। गांव मुरथल निवासी किसान सतबीर (70) ने बताया कि वह बृहस्पतिवार देर शाम को अपने खेत में गया था।
उसने देखा कि गांव के विनोद ने उनके खेत में बने कमरे का ताला तोड़ रखा था। वह अंदर बैठ कर शराब पी रहा था। जिस पर उन्होंने विरोध किया। उनके मना करने पर आरोपित ने उनकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। आरोपी ने उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। इतना ही नहीं उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। किसान ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद मारपीट व नुकसान पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी अनिल ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**अवैध**

8 अम्बाला शहर में प्रेम मंदिर के नजदीके से एक दुकान से अवैध पटाखों को बरामद किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला में अवैध तरीके से पटाखे बेचने वालों पर पुलिस द्वारा पिछले कुछ दिनों से शिंकजा कसा जा रहा है। एक बार फिर से पुलिस ने अम्बाला शहर में प्रेम मंदिर के नजदीके से एक दुकान से अवैध पटाखों को बरामद करते हुए उन्हे जब्त किया तो वहीं बराड़ा में भी थाना प्रभारी गुलशन कुमार की देख रेख में चौकी इंचार्ज कृष्ण



कुमार ने एक दुकान से हजारों रूपए का पटाखा बरामद किया। इसके साथ ही अन्य दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि यदि कोई भी दुकानदार नियमों का उल्लघंन कर पटाखा बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस अधीक्षक जश्नदीप रंधावा पहले ही निर्देश दे चुके है कि उपायुक्त कार्यालय द्वारा पटाखे बेचने के लिए स्थान निर्धारित किए गए है।
लेकिन इसके बावजूद भी लोग अवैध रूप से पटाखें बेचगें तो उनके खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त कारवाई करेगा।
उन्होनें कहा कि यदि कोई अवैध रूप से पटाखे बेचता है तो इससे दुर्घटना होने का डर बना रहता है।

## युवक को अवैध पटाखों के साथ पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन स्थित चार मरला से युवक को उसके घर के बाहर से ही अवैध पटाखों के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को पुलिस जमानत पर छोड़ा गया है।
नियुक्त एसआई संजय ने पुलिस को बताया कि वह वीरवार रात को टीम के साथ सुभाष चौक पर गश्त कर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि मॉडल टाउन चार मरला निवासी तरुण कुमार ई-रिक्शा में अवैध रूप से पटाखे लेकर आया है। वह घर के बाहर ही पटाखे उतार रहा है। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर आरोपित वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से बोरों के अंदर अनार के पैकेट, मुर्गा छाप के पैकेट, बुलेट बम, लक्ष्मी बम, चकरी, मैजिक पोर्ट, रॉकेट, फुलझड़ी, स्काई शॉट समेत अन्य पटाखे बरामद किए है। वह पटाखे को लेकर कोई लाइसेंस नहीं दे सका।
दिवाली पर प्रदूषण को रोकने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से पटाखे बेचने पर प्रतिबंध है। दुकानदार सिर्फ ग्रीन पटाखे बेच सकते है। तरुण किसी तरह का कोई लाइसेंस नहीं दे सका।
पुलिस ने आरोपित तरुण को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को बाद में जमानत पर छोड़ दिया।

## आयुर्वेदिक औषधालय बजाना कलां में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आयुष** विभाग सोनीपत की ओर से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल के निर्देशन में कार्यरत अटड डॉ अंकिता अंकुश और अटड डॉ नवीन नारा के साथ कार्यरत फार्मासिस्ट धर्मेंद्र ने बजाना कलां, गन्नौर ब्लॉक पंचायत भवन वाली चौपाल की आंगनवाड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। डॉ अंकिता जी और डॉ नवीन नारा जी ने उदर रोगी, मधुमेह रोगी, शिरशुल और वात रोगी आदि रोगों की दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। आयुष्मान भवः (सेवा पखवाड़ा)
शिविर में शिविर में डॉ नवीन



नारा जी ने लोगो को दिवाली के अवसर पर स्वास्थ्य संबंधित और बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए भी जानकारी दी। डॉ नवीन ने बताया कि बदलते मौसम में प्रदूषण के कारण खुश्क त्वचा हो जाती है जिसके दौरान ज्यादा पानी पिए। ऐसे में मौसमी फ्लू, पीलिया, टाइफाइड, और फूड पॉइजनिंग जैसी बीमारियां होती हैं। इनसे बचने के लिए आस पास वातावरण में बैक्टीरिया को नहीं पनपने देना चाहिए। साफ सफाई रखने से सेहत पर भी अच्छा असर होता है। ताजा भोजन करें, गुनगुना

**शिविर**

8 डॉ नवीन ने बताया कि बदलते मौसम में प्रदूषण के कारण खुश्क त्वचा हो जाती है जिसके दौरान ज्यादा पानी पिए

पानी पिएं क्योंकि ठंडे पदार्थों का सेवन भी कई बार वायरल बुखार का कारण बन जाता है। हल्दी वाला दूध हमारे शरीर में रोग- प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में बहुत फायदेमंद होता है। योग सहायक जीत राम और प्रवीन देवी जी ने योग के महत्व को बताया। सभी ने नियमित योगाभ्यास करने की ठानी और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करने को कहा। योग सहायकों ने बताया कि योग शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाता है। नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों एवं प्राणायामों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। जिनमें भुजंगासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन और भस्त्रिका, अनुलोमझविलोम, भ्रामरी आदि प्राणायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। शिविर का उद्देश्य योग और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## क्रोमा के 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' में दिवाली के लिए शानदार डील्स

**गाजियाबाद।** इस दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में शुरू हुआ है 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' कैम्पेन। 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले इस कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और क्रोमा डॉट कॉम वेबसाइट पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर पेश किए गए हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और कई अन्य उत्पादों पर इन ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, क्रोमा ने आकर्षक छूट और ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ क्रोमा स्टोर्स, क्रोमा डॉट कॉम वेबसाइट और टाटा नेउ पर लिया जा सकता है। यदि आप घर पर शानदार मनोरंजन अनुभव का आनंद लेना चाहते हैं, तो क्रोमा से 55इंच, 65इंच और 75इंच 4के एलईडी टीवी खरीदें, केवल 2990 रुपये प्रति माह की आसान ईएमआई सुविधा के साथ। सैमसंग टीवी पर एक विशेष ऑफर 55 इंच सैमसंग लाइफस्टाइल फ्रेम टीवी हर महीने इतनी ही कीमत पर खरीदा जा सकता है और इसके साथ मिलता है 8990 रुपयों का बेजल मुफ्त। एमएस ऑफिस के साथ इंटेल कोर आई3 लैपटॉप की कीमतें 30,900 रुपये से शुरू होती हैं। इतना ही नहीं, 24 महीने तक के ईएमआई की सुविधा मिलती है। किचन को अपग्रेड करने के लिए आकर्षक ऑफर हैं, 256 लीटर फ्रॉस्ट-फ्री इन्वर्टर रेफ्रिजरेटर सिर्फ 22,990 रुपये में, 256 लीटर रेफ्रिजरेटर केवल 28,990 रुपये में। क्रोमा में 400 लीटर + बॉटम माउंट कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर पर 1994 रुपयों से आगे के ईएमआई की आसान सुविधा दी जा रही है।

## कार सवार युवक आपस में भिड़ गए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के बलदेव नगर क्षेत्र में स्थित विटा एन्क्लेव के पास आपसी रंजिश के चलते कार सवार युवक आपस में भिड़ गए। इसी दौरान एक युवक ने गोली चला दी। लेकिन गनिमत यह रही कि कोई भी युवक हताहत नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 11.30 बजे चंडीगढ़ नंबर की (सीएच 01 एएल 9650) आल्टो गाड़ी में सवार 3 युवकों की थार सवार लालडू (पंजाब) के गांव जड़ौत निवासी नवनीत के साथ पुरानी रंजिश चली हुई है। सीसीटीवी में 3 युवक आगे भागते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि



थार चालक नवनीत पीछे से फायरिंग करता हुआ दिखाई दे रहा है।
सीसीटीवी में 3 युवक आगे भागते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि थार चालक नवनीत पीछे से फायरिंग करता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसकी सीसीटीवी वीडियो भी सामने आई है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि 3 युवक हाथ में बिंडे लिए हुए भागते हुए नजर आ रहे हैं। उनके पीछे एक युवक पिस्टल से फायर करता हुआ दिखाई दे रहा है। फायरिंग कर रहा युवक नवनीत बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हमले में अंबाला के गांव कोल्हा निवासी गुरप्रीत की बाजू में फ्रैक्चर आया है।

## मेयर शक्तिरानी ने शिव मंदिर के लिए किया भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के लाजपत नगर की डीडब्लूएस कॉलोनी में शिव मंदिर एवं धर्मशाला सोसाइटी की तरफ से शिव मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने शिरकत की।
जिसके पश्चात मेयर शक्तिरानी शर्मा ने विधिपूर्वक पूजा अर्चना करते हुए भूमि पूजन किया। इस दौरान भजन मंडली ने भजन कीर्तन भी किया। मेयर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर आस्था के केंद्र होते हैं।



उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी व स्थानीय लोगों द्वारा मंदिर के निर्माण कार्य आरंभ किया गया है, जोकि सराहनीय है। उन्होनें कहा कि मैं प्रार्थना करती हूं कि जल्द से जल्द भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाए।
उन्होनें मंदिर निर्माण में अपने स्तर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वही शिव मंदिर कमेटी द्वारा मेयर शक्तिरानी शर्मा को शिव परिवार

**मंदिर निर्माण**

8 मंदिर आस्था के केंद्र होते हैं। मंदिर कमेटी व स्थानीय लोगों द्वारा मंदिर के निर्माण कार्य आरंभ किया गया

की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।
इस मौके पर कैशियर अशोक गुलाटी ने बताया कि मंदिर के निर्माण को पूरा करने के लिए लगभग 26 लाख रूपए खर्च होगा। जिसके लिए अब तक अपने क्षेत्रवासी व दानवीरों से लगभग 10 लाख रूपए इकट्ठा कर लिये है।

## अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में अंडरस्टेंडिंग द इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 विषय पर आयोजित हुआ व्याख्यान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में शनिवार को अंडरस्टेंडिंग द इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें हरियाणा के लेबर आयुक्त मनी राम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 देश में औद्योगिक संबंधों से संबंधित मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित और सरल बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा अधिनियमित एक व्यापक कानून है। यह संहिता तीन पिछले श्रम कानूनों अर्थात औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947, ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 और औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946 को प्रतिस्थापित करती है।
यह नियोक्ताओं के लिए एक रूपरेखा प्रदान करके सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बढ़ावा देना चाहता है।
आयुक्त श्री शर्मा ने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 भारत में श्रम कानूनों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह औद्योगिक संबंधों के लिए कानूनी ढांचे को सरल और सुव्यवस्थित करता है। संहिता श्रम कानूनों की व्याख्या और कार्यान्वयन में स्पष्टता और स्थिरता प्रदान करती है, जिससे अनुपालन लागत कम होने और व्यापार करने में आसानी बढने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, कानून से विवाद समाधान में आसानी में सुधार, मुकदमेबाजी कम करने और निवेश और विकास के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 भारत में मौजूदा श्रम कानूनों में कई नए प्रावधान और बदलाव पेश करता है। उन्होंन विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एवं सेंटर फॉर लेबर स्टडीज स्थापित करने पर कुलपति प्रोफेसर डॉ अर्चना मिश्रा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की मंशा



है कि लेबर प्रावधानों को लोगों के बीच में जाकर उन्हें बताए और इस कार्य के लिए एनएलयू सोनीपत ने आगे आकर कदम उठाया और लेबर डिपार्टमेंट से किसी भी प्रकार सहायता की आवश्यकता पड? पर आवश्यक रूप से की जायेगी।
लेबर आयुक्त ने कहा कि संहिता औद्योगिक विवादों के शीघ्र और प्रभावी समाधान के लिए औद्योगिक न्यायाधिकरण और श्रम न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान करती है। यह विवादों को ट्रिब्यूनल या अदालतों में भेजे जाने से पहले सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए एक सुलह प्रक्रिया भी पेश करता है।
कार्यक्रम में भारतीय सेना एवं रक्षा मंत्रालय से कर्नल विवेक तिवारी, सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ यूनिसेफ, दिल्ली से संजय सिंह सम्मानीय अतिथि के रूप में रहे. डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर डॉ आशुतोष ने अतिथियों का स्वागत किया. प्रोफेसर आशुतोष ने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 में भारत में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रावधान हैं। इस कानून का उद्देश्य देश में औद्योगिक संबंधों के लिए कानूनी ढांचे को सरल और सुव्यवस्थित करना है, जिससे अनुपालन लागत कम होने और व्यापार करने में आसानी बढ? की उम्मीद है। प्रमुख प्रावधानों में से एक व्यवसायों के लिए एकल पंजीकरण प्रक्रिया की शुरूआत है, जो विभिन्न श्रम कानूनों के तहत कई पंजीकरणों की पूर्व आवश्यकता को प्रतिस्थापित करेगी। इससे व्यवसायों पर अनुपालन बोझ काफी कम हो जाएगा और भारत में व्यापार करने में आसानी में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आज हमारे बच्चों को इस व्याख्यान से बहुत कुछ सिखने को मिलेगा।
**औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की मुख्य विशेषताएं:** ट्रेड यूनियनों की मान्यता, निश्चित अवधि का रोजगार, विवाद समाधान, स्थायी आदेश, व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य, व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देना आदि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की मुख्य विशेषता है। कर्नल विवेक तिवारी ने कहा कि संहिता 50 से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाले प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य समितियों के गठन को अनिवार्य बनाती है। यह सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति और अधिकारियों को व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी प्रावधान करता है। संहिता के प्रमुख प्रावधानों में से एक सदस्यता की न्यूनतम सीमा के आधार पर ट्रेड यूनियनों की मान्यता है।

## संपादकीय

# प्रदूषण की आग से झुलसती दिल्ली

**अब** सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल, देश की राजनीति का केंद्र और ब्यूरोक्रेट्स की नगरी दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जा रहा है ' विडंबना है कि गाजा में इजरायली की बमबारी के बाद जितना प्रदूषण वहां हुआ है उससे कहीं ज्यादा वर्तमान में दिल्ली में फैला हुआ है। दिल्ली के बाद बांग्लादेश का ढाका शहर सर्वाधिक प्रदूषित माना जाता है ' दिल्ली में कई सरकारेंआई और गइं, केंद्र में भी ऐसा ही हुआ है पर दोनों सरकार एक दूसरे पर दोषा रोपण कर अपनी इति श्री कर लेती है। इसका स्थाई समाधान आज तक कोई नहीं खोज पाया और नतीजा दिल्ली शहर के बच्चे और बुजुर्ग फेफड़े और सांस की बीमारी से त्रस्त हो चुके हैं।

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या है' पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है।

दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, पूर्व में कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा था। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है, और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा।

समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि। पर वायु प्रदूषण इन सब में सर्वाधिक खतरनाक और मानवीय जीवन के लिए संहारक है। वायु में विषैली गैस के मिश्रण धूल और उद्योग द्वारा फैलाए गए जहरीले अपशिष्ट गैसों से वायु प्रदूषण तेजी से फैलता है। अमेरिकी शोध संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भारत में वायु प्रदूषण से जनसंख्या के 40 से 45 प्रतिशत लोग प्रभावित हैं।

वायु प्रदूषण के कारण संपूर्ण जीवन में जीने के लिए 10 से 15 वर्ष तक उनकी जिंदगी के कम हो सकते हैं। क्योंकि भारत वैश्विक देशों से सर्वाधिक वायु प्रदूषित देश माना जाता है। इस शोध संस्थान द्वारा चेतावनी के साथ मशवरा भी दिया गया है कि वायु प्रदूषण को तत्काल कम करने के कारगर उपाय करने होंगे।अन्यथा देश के बड़े शहरों में और उद्योग नगरी के साथ में बसे हुए शहरों में वायु प्रदूषण से मानव जिंदगी को खतरे बढ़ सकते हैं।

# राहुल गांधी के बढ़ते कद से सपा चिंतित

**अशोक भाटिया**

"इस फॉमूर्ले के दम पर सूबे की 80 में से 65 सीटों पर सपा चुनाव लड़ने की तैयारी में है और सहयोगी दल के लिए सिर्फ 15 सीटें ही छोड़ रही है। उत्तरप्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया ह्य में सपा, कांग्रेस, आरएलडी और अपना दल (कमेरावादी) शामिल है। सपा जिस पीडीए के सहारे उत्तरप्रदेश की 80 फीसदी सीटों पर खुद लड़ने की बात कर रहे हैं, उसके चलते ही कांग्रेस और आरएलडी जैसे दल भी अपने सियासी समीकरण को मजबूत करने में लग गए हैं।कांग्रेस और आरएलडी दोनों ही मुस्लिम, ओबीसी और दलित वोटों को अपने पाले में लाने में जुटे हैं। ऐसे में कांग्रेस सपा के नेताओं को ही अपने साथ मिलाने में जुट गई है तो आरएलडी भी सपा के वोटबैंक पर नजर गड़ाए हुए हैं।"

**2024** के लोकसभा के चुनाव अभी दूर है पर सभी दलों ने 5 राज्यों के चुनाव के साथ-साथ 2024 के लिए अपनी जमीन मजबूत करना शुरू कर दी है । उत्तरप्रदेश में कांग्रेस ने जो अन्य दलों के नेताओं को अपने साथ जोड़ने का क्रम शुरू किया है उसमे सबसे ज्यादा प्रभावित सपा प्रमुख अखिलेश यादव है । सपा प्रमुख की अपने वोट बैंक को लेकर चिंता इसलिए भी हो सकती है, क्योंकि पिछले कुछ समय से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का कद विपक्षी नेताओं में लगातार बढ़ा है, जो कि भाजपा के छिटकने वाले मतदाताओं को भी रिझाकर भविष्य के लिए क्षेत्रीय दलों की जमीन कमजोर कर सकते हैं। देश के जिन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है, वहां अल्पसंख्यक वोट कांग्रेस के खाते में जाने की संभावनाएं पहले से ही प्रबल हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के संदर्भ में माना जाता है कि विधानसभा चुनावों में सपा-बसपा के पाले में कम-ज्यादा होने वाला मुस्लिम मतदाता लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भी विकल्प के तौर पर देखता है। कुछ पुष्टि आंकड़े भी करते हैं। लोकनीति-सीएसडीएस के सर्वे के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में 79 प्रतिशत मुस्लिमों ने सपा को वोट दिया था, जबकि कांग्रेस को सिर्फ चार प्रतिशत मत मिले।इससे पहले, 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में तस्वीर थोड़ी अलग थी। तब सपा-बसपा के गठबंधन को 73 प्रतिशत मुस्लिम मत मिला था, जबकि 14 प्रतिशत ने कांग्रेस पर विश्वास जताया था। तब निस्संदेह मोदी लहर में कांग्रेस बेहद कमजोर थी। अन्य राज्यों में भी उसे लगातार हार मिल रही थी। पर आज हालात बदले हुए हैं । गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की तपिश जैसे-जैसे गर्म हो रही है, वैसे-वैसे उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के रिश्ते तल्ख होते जा रहे हैं। कांग्रेस उत्तरप्रदेश में सपा के वोटबैंक पर नजर गड़ाए बैठी है और उसी मद्देनजर सियासी तानाबाना बुन रही है। इमरान मसूद, हमीद अहमद और फिरोज आफताब जैसे दिग्गज मुस्लिम नेताओं की एंट्री कराने के बाद कांग्रेस अब सपा के एक बड़े कुर्मी नेता को



शामिल कराने जा रही है, जो कि अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका होगा।सपा के राष्ट्रीय महासचिव और कई बार सांसद रहे रवि प्रकाश वर्मा और 2019 में लोकसभा चुनाव प्रत्याशी रहीं उनकी बेटी पूर्वी वर्मा जल्द ही कांग्रेस का हाथ थामेंगी। रवि वर्मा सपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे हैं और लखीमपुर खीरी के आसपास के इलाके में मजबूत पकड़ मानी जाती है। रवि प्रकाश वर्मा और उनकी बेटी पूर्वी वर्मा शुक्रवार को समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देंगे और उसके बाद 6 नवंबर को वर्मा परिवार अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का हाथ थामेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी सपा के लिए रवि वर्मा का पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होना एक बड़ा झटका माना जा रहा है। पूर्व सांसद रवि वर्मा सपा के दिग्गज नेताओं में गिने जाते हैं और पार्टी के गठन के समय से जुड़े हुए हैं। साल 1998 से 2004 तक लखीमपुर खीरी लोकसभा सीट से लगातार तीन बार सपा के टिकट पर सांसद बने और एक बार राज्यसभा सदस्य रहे।रवि वर्मा के पिता बाल गोविंद वर्मा और माता ऊषा वर्मा भी लखीमपुर खीरी सीट से सांसद रह चुकी हैं। इस तरह से लखीमपुर खीरी संसदीय सीट पर रवि वर्मा का परिवार दस बार प्रतिनिधित्व कर चुका है। उनकी बेटी पूर्वी वर्मा 2019 के लोकसभा चुनाव में लखीमपुर खीरी सीट से उतरी थी, लेकिन भाजपा की अजय मिश्रा टेनी से जीत नहीं सकीं।रवि प्रकाश ओबीसी की कुर्मी समुदाय से आते हैं और रुहेलखंड के बड़े नेताओं में उन्हें गिना जाता है। कांग्रेस की नजर उत्तरप्रदेश में जिस तरह सपा के वोटबैंक पर है, उसमें रवि वर्मा की एंट्री अहम रोल अदा कर सकती है। रवि वर्मा की पकड़ जिस तरह से रुहलेखंड के कुर्मी समुदाय के बीच हैं, उसमें बरेली, शाहजहांपुर, धौरहरा, सीतापुर, पीलीभीत, मिश्रिख जैसी संसदीय सीटों पर सियासी समीकरण बदल सकते हैं। इन इलाकों में सपा के लिए 2024 के चुनाव में चिंता बढ़ सकती है।

लोकसभा चुनाव के मद्दनेजर कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपने खोए हुए सियासी समीकरण को दुरुस्त करने में जुटी है। इसी मद्देनजर कुर्मी समुदाय को साधने के लिए कांग्रेस पूर्व सांसद रवि वर्मा और उनकी बेटी को शामिल करा रही है। रवि प्रकाश के बाद कुर्मी समुदाय के कई अन्य नेताओं को कांग्रेस में शामिल कराने की रणनीति कांग्रेस ने बनाई है, जिसके लिए अवध और देवीपाटन क्षेत्र के कई बड़े कुर्मी नेताओं से बातचीत कर रखी है। रवि प्रकाश वर्मा जिस रुहेलखंड से इलाके से आते हैं और यहां कुर्मी समुदाय के वोट निर्णायक भूमिका में है। कांग्रेस में रवि वर्मा के शामिल होने से लखीमपुर खीरी के इलाके में ही नहीं बल्कि आसपास के लोकसभा सीटों पर कुर्मी वोटबैंक पर असर पड़ेगा। रवि वर्मा के पिता और मां कांग्रेस में रही हैं, लेकिन उन्होंने सपा के साथ अपना सियासी सफर शुरू किया था और अब वो भी घर वापसी करने जा रहे हैं। रवि वर्मा के एंट्री से सपा के साथ कांग्रेस के रिश्ते और भी तल्ख हो सकते हैं।कांग्रेस की नजर सपा के वोटबैंक पर है। बीते दिनों पश्चिमी उत्तरप्रदेश के दिग्गज मुस्लिम नेताओं की एंट्री कराई है, जिसमें सपा से निकाले गए इमरान मसूद, आरएलडी के हमीद अहमद और सपा से चुनाव लड़ चुके फिरोज आफताब शामिल हैं। कांग्रेस इस बात को बाखूबी तौर पर समझ रही है कि उत्तरप्रदेश में अगर उसे दोबारा से खड़ा होना है तो अपने परंपरागत सियासी आधार को दोबारा से हासिल करना होगा। उत्तरप्रदेश में सपा जिस जमीन पर मजबूती से खड़ी है, वो कभी कांग्रेस की हुआ करती थी। इसीलिए कांग्रेस अब अपने कोर वोटबैंक रहे मुस्लिम समुदाय को जोड़ने पर लगी है तो पार्टी के पुराने नेताओं की एंट्री कराई जा रही है। इमरान मसूद और हमीद अहमद हों या फिर अब रवि प्रकाश वर्मा, तीनों ही नेताओं का परिवार कांग्रेस में रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव उत्तरप्रदेश में इन दिनों पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के फॉमूर्ले से भाजपा को मात देना का दावा कर रहे हैं। इस फॉमूर्ले के दम पर सूबे की 80 में से 65 सीटों पर सपा चुनाव लड़ने की तैयारी में है और सहयोगी दल के लिए सिर्फ 15 सीटें ही छोड़ रही है। उत्तरप्रदेश में विपक्षी गठबंधन ह्यइंडिया ह्य में सपा, कांग्रेस, आरएलडी और अपना दल (कमेरावादी) शामिल है। सपा जिस पीडीए के सहारे उत्तरप्रदेश की 80 फीसदी सीटों पर खुद लड़ने की बात कर रहे हैं, उसके चलते ही कांग्रेस और आरएलडी जैसे दल भी अपने सियासी समीकरण को मजबूत करने में लग गए हैं।कांग्रेस और आरएलडी दोनों ही मुस्लिम, ओबीसी और दलित वोटों को अपने पाले में लाने में जुटे हैं।

ऐसे में कांग्रेस सपा के नेताओं को ही अपने साथ मिलाने में जुट गई है तो आरएलडी भी सपा के वोटबैंक पर नजर गड़ाए हुए हैं। जयंत चौधरी लगातार मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं और उन्हें अपने साथ जोड़ने का तानाबाना बुन रहे हैं।

## कविता

### प्रकृति पर्यावरण पर कविता

प्रकृति की लीला कितनी न्यारी
हम सबको लगती कितनी प्यारी बहती नदिया
कितनी न्यारी
जल, नदिया और लताएं प्यारी
इन की रक्षा करना जिम्मेदारी हमारी'

भालू ,हिरण और बंदर कितने मासूम प्यारे.
हम सबके करीबी दोस्त सब ये न्यारे,
हम सब करेंगे जंगल की रक्षा
तब होगी इन सब की सुरक्षा'

दूध सी बहती नदिया की धार
पुकार रही है हमें बार-बार,
दूषित करके हे मानव
तुमने हमें किया कितना लाचार.
हमसे तुम करो प्यार दुलार,
तुम्हें देंगे शुद्ध जल का उपहार'

बारिश की बूंदे भी देखो
सबके मन को भाती है,
करती हरा भरा धरती को
हमें नवजीवन दे जाती हैं'

संजीव

## गलियों और आंगनों में दिखने लगा रंगो भरा संसार

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

**शबनमी** फुहारों की हरियाली भरी बरसात की बिदाई के साथ ही घरों की साफ - सफाई और रंग रोगन का काम प्रायः लोग शुरू कर देते हैं। हिन्दुओं के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली के स्वागत पूर्व की तैयारी कह लो इसे या फिर शायद मौसमानुकूल स्वच्छता की चाहत कह लें। प्रायः सभी धर्म के लोग आजकल अपने अपने घर की मरम्मत व उसकी सफाई कर स्वच्छ व चकाचक देखन के लिये, कार्य में लगे रहते हुये घर को नया रंग देने का भरपूर प्रयास करते हैं। इसी क्रम में घर की महिलायें व युवा लड़कियाँ अपने अपने घरों के आंगन को गोबर से लीपपोत कर फिर उसमें विभिन्न रंगों का संसार रचकर रंगबिरंगा रंगोलियों का सृजन करती हैं। इन दिनों प्रायः गलियों में हर घरों के सामने तरह तरह के रंगोली और उनकी चित्रकारी देखते ही बनती हैं। रंगोली डालना भी एक कला है। अब तो अनेक स्थानों में इसकी प्रतिस्पधार्यें भी होने लगी है। इस स्पधाओं में युवतियां बढ़चढ़ कर हिस्सा ले कर अपनी कला का प्रदर्शन करती हैं। पारसियों की यह वर्षो पुरानी परंपरा रही है कि वे अपने घरों में रंगों के द्वारा विभिन्न आकृतियों को बना कर लोगों को आकृष्ट करें। इन रंगों के द्वारा वे अपने "घरों की साज सजावट और उत्कृष्ट रुचि का परिचय कराते हैं। पारसी घरों में प्रतिदिन रंगोली बनायी, सजायी जाती है। जब तक महिलाएं रंगोली नहीं सजाती, पानी नहीं पीती ऐसा माना जाता है। यह धीरे - धीरे महाराष्ट्र और गुजरात से फैलते फैलते सारे राष्ट्र में पसर कर अपनी छटा बिखेर रहा है। अब तो किसी भी शुभ अवसर पर, तीज त्यौहार या पर्व पर इनका बनना अनिवार्य हो गया हैं। उत्तर प्रदेश में आटे से रंगोली बनाने का प्रचलन हैं, उसी प्रकार बंगाल में रंगोली को अल्पना के नाम से जाना जाता है। दक्षिण भारत में इसे कोलम कहते हैं। कला को किसी भी रूप में निखारा जा सकता है, उसे रंगीला बनाया जा सकता है। पूर्व में खड़िया, सूखे आटे वा पाउडरों से रंगोली बनाई जाती थी। धीरे- धीरे तैलीय रंगों, चांवल के दानों, (आटे) से रंगोली बनी, अब तो थमोकोल पर रंगोली बननी शुरू हो गई है। आधुनिक समय में महगाई की मार को देखते हुए अब लोगों ने सूखे अनाज मूंग, मोठ, बाजरा, राजमा, हरा मटर, काली उड़द आदि नैसर्गिक रंगों (अनाज) से रंगोली बनानी शुरू की है। इसमें रंग की जरुरत ही नहीं पड़ती है। स्वयं अनाज ही अपनी प्राकृतिक रंगों की छटा बिखेरकर सबका मन मोह लेते हैं। इसके लिये सबसे पहले जमीन को साफ करके चौक से कोई भी आकृति जमीन पर बना लिया जाता है, फिर पसंद के अनुसार सूखे'अनाजों के रंगों का चयन कर उस आकृति पर फेविकोल या गोंद के जरिये अनाजों को सुघड़ता से चिपका कर उन्हें कलात्मक और सुंदर आकृति में बदल दिया जाता है। इसी प्रकार दानेदार नमक से भी रंगोली बनायी जाती हैं।

## विचार

### सार्वजनिक जीवन में शुचिता जरूरी

**डॉ घनश्याम बादल**

**हर साल** देश अक्टूबर के अंतिम सप्ताह व नवंबर के पहले हफ्ते में में सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह मनाता है इस बार भी मना रहा है और केंद्र सरकार विभिन्न संस्थाओं में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भ्रष्टाचार न करने, रिश्वत न लेने व देने , सार्वजनिक जीवन में शुचिता व ईमानदारी एवं स्वच्छता का पालन करने की शपथ दिलाई जाती है । विजिलेंस अवेयरनेस वीक बस इसी तरह मनता है और खत्म हो जाता है । मगर देश से भ्रष्टाचार है कि जाता नहीं और जागरूकता है कि आने के बावजूद भी कामयाब होती नहीं दिखती।

कुल मिलाकर हफ्ते व पखवाड़े मन जाते हैं और भ्रष्टाचार का अजदहा मस्त चलता रहता है ।

एक समय माना जाता था कि अण्णा हजारे का आन्दोलन भारतीय राजनीति व सार्वजनिक जीवन में बदलाव लाने के सबब बनेगा, पर दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ । इस आंदोलन के फेल्योर ने कई सवाल खड़े कर दिए । भले ही संविधान के अनुसार भ्रष्टाचार के लिये यहां कोई जगह नहीं है मगर देश में भ्रष्टाचार की बीमारी इतने गहरे तक पैठ गई है कि उसके इलाज के लिये छोटे मोटे चीरे से काम नहीं चलने वाला है यदि देश सचमुच ही इस बीमारी से मुक्ति चाहता है तो उसे बहुत ही कड़ा रुख अपनाते हुये किसी बड़े ऑप्रेशन की तैयारी करनी ही पड़ेगी । आम आदमी से बात करें तो वह साफ कहता है कि आज भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है । कहीं कोई तो कहीं कोई ऊपर से साफ सुथरा दिखता, नियमों, कानूनों की बात करता, नैतिकता व मूल्यों की दुहाई देता है पर अंदर ही अंदर भ्रष्टाचार का पोषण भी होता है , बस फर्क इतना है कि किसी के छवि पर दाग लग गया है और किसी की पोल नहीं खुली है । एक वाक्य ईमानदार वही है जिसे मौका नहीं मिला कहीं खुल कर तो कहीं दबी आवाज में सुना जा सकता है । हम उस युग में रह रहे हैं जहां भ्रष्टाचार में फंसने पर या घोटाले, घपले करनें पर शर्म नहीं आती, अपराधी होने पर भी लज्जा नहीं आती , ऐसे लोगों को निष्कंटक आगे बढ़ते देखकर भी ईमाददार का खून नहीं खौलता बल्कि वह मन मसोस कर रह जाता है और समझदार उसे कहा जाता है जो किसी अपने के लूटने या लुटने पर चुप्पी ओढ़कर सो जाता है। वैसे ऐसा भी नहीं है कि भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार कोई नया हो , भ्रष्टाचार की पदचाप तो यहां अस्सी के दशक से ही सुनाई देने लगी थी। जब पॉवर, राजनीति, ओहदा, सामर्थ्य और भ्रष्टाचार कमोबेश एक दूसरे के पर्याय बनकर उभरते चले गये । याद कीजिए 1974 में इंदिरा गंधी पर स्टेटबैंक से पैसे निकालने का आरोप, जब कहा गया कि नटवर लाल ने उनकी आवाज की नकल करके ये कृत्य किया था तब इंदिरा पर किसी ने भी शक नहीं किया था, पर बाद में उनकी ईमानदारी की छवि में भी दम नहीं रहा वें भ्रष्ट तो नहीं पर निरंकुश मान ली गई थी जिसका दंड उन्हे 1977 में हार के रूप में मिला । 1989- 91 में तो सीघे - सीधे प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ही हर्षद मेहता व लक्खू भाई पाठक मामलों में कटघरे में आ गए । इस बार उन्हे बेईमान तो सिद्ध नहीं किया जा सका पर आम आदमी ने शक किया । इससे पहले भी राजीव गांधी पर बोफोर्स मामले में कमीशन का आरोप लग चुके थे , फिर फेयरफैक्स लाकर वी0 पी0 सिंह को लपेटने की कोशिश हुई पर चली नहीं । जबकि क्वत्रोचि व बोफोर्स का भूत बहुत लंबे समय तक जिंदा रहा । इसके बाद तो एक प्रकार सें भ्रष्टाचार के संदर्भ में बेशर्मी के युग की शुरूआत हो गई । एक दो करोड़ को तो नेता भ्रष्टाचार मानते ही नहीं कहते हैं अमुक की हैसियत इतनी है कि वह इतनी छोटी सी रकम के लिए नहीं गिरेगा यानि गिरावट भी अब हैसियत के अनुसार होने लगी है । हालांकि भ्रष्टाचार ने केन्द्र और राज्यो में समय समय पर अनेक लोगो , नेताओं , अफसरों व कर्मचारियों की बलि भी ली हैं पर भ्रष्टाचार न केवल बना व बचा ही रहा अपितु वह बढ़ता भी गया है और आज तो हालात यहां तक पंहुच गई है कि राजनीति में ऊँचे पदों पर बैठे व्यक्तियो पर हर कोई उंगली उठाता दिख रहा है कितना अच्छा होता कि लोग इस दोषारोपण पर विश्वास न कर पाते, पर आज ऐसे हालात हैं तो इसके बारे में भी हमें सोचना ही होगा कि आखिर ऐसे हालात पैदा ही क्यों हुए कि बजाय आरोप लगाने वाले पर शक करने के, लोग जिन पर आरोप लग रहे हैं उन्हीं पर उंगली उठा रहे हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### छात्र हित में डिजिटल पुस्तकालय

**विजय गर्ग**

**आधुनिक** जीवन में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सारे बदलाव हुए हैं। हम तकनीक के उन्नत दौर में रहते हुए बहुत सुखी है, लेकिन अभी भी बहुत से लोग शिक्षा और सूचना से वंचित हैं। इस समस्या का समाधान है डिजिटल लाइब्रेरी । इसे ठीक से चलाया जाए तो यह एक सामाजिक क्रांति का काम कर सकता है। निःसंदेह डिजिटल पुस्तकालय छात्र हित में भी है और यह भी कहना होगा कि डिजिटल लाइब्रेरी तक पहुंच की सुविधा के बिना कोई भी शिक्षा संस्थान, चाहे वह कोई स्कूल हो या फिर कॉलेज, ज्ञान अर्थव्यवस्था में प्रासंगिक नहीं रह सकता है। हिमाचल प्रदेश की तरह अन्य राज्यों में भी डिजिटल पुस्तकालय की पहल की दरकार है। खबरें कह रही हैं कि देश के अग्रणी राज्य हिमाचल प्रदेश में 31 मार्च 2024 से पहले आधुनिक सुविधाओं वाले डिजिटल पुस्तकालय तैयार किए जाएंगे। राज्य के माननीय मुख्यमंत्री जी ने राज्य पुस्तकालय सहित और जिला पुस्तकालयों में टच स्क्रीन, सर्वर व सोशल साइट्स पर निशुल्क पढ़ाई की सुविधा मुहैया करवाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। आइए डिजिटल पुस्तकालय के विचार के महत्व और प्रासंगिकता को समझें।

डिजिटल पुस्तकालय एक ऐसा पुस्तकालय है जिसमें पुस्तकों का संग्रह डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में होता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं कंप्यूटर के माध्यम से इसका उपयोग किया जा सकता है। डिजिटल लाइब्रेरी को ऑनलाइन लाइब्रेरी, इंटरनेट लाइब्रेरी, डिजिटल रिपॉजिटरी या डिजिटल संग्रह के रूप में भी जाना जाता है। यह डिजिटल वस्तुओं का एक ऑनलाइन डेटाबेस है, जिसमें टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो, वीडियो, डिजिटल दस्तावेज के रूप में पुस्तकें शामिल हो सकती हैं। इस प्रकार की लाइब्रेरी को इंटरनेट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में, डिजिटल पुस्तकालयों में दस्तावेजों को एक व्यवस्थित इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में और इंटरनेट या स्टोरेज के माध्यम से संग्रहीत किया जाता है। 1994 में, डिजिटल लाइब्रेरी शब्द को पहली बार विश्व में नासा डिजिटल लाइब्रेरी द्वारा इस्तेमाल किया गया था। अमेरिकी लेखक माइकल स्टर्नहार्ट डिजिटल लाइब्रेरी की पहली परियोजना के संस्थापक हैं।

## चार लोग क्या कहेंगे

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यह** दुनिया भी बड़ी गजब है। इसे समझने के लिए किसी के पास कोई कुंजी नहीं है। बाल सफेद हो जायेंगे फिर भी दुनिया के रंग समझ से परे रहेंगे। यहाँ अच्छाइयों में खामियाँ और खामियों में अच्छाइयाँ निकालने वाले कदम पर कदम पर मिल जायेंगे। गांधी के पुजारी तो गोडसे के प्रशंसक भी मिल जायेंगे। आज कबीर होते तो उनके लिखे दोहों झ्र काल करै सो आज कर और धीरे-धीरे रे मना में समय को लेकर विरोधाभासी स्वर के लिए उन्हें लताड़ देते। इसीलिए यह दुनिया बड़ी गजब है। जब तक उसे समझने का प्रयास करते हैं, तब वह अपनी समझ बदल लेता है।

अब देखिए न यदि कोई धीरे-धीरे संयमता के साथ काम करता है तो उसे बाबा आदम के जमाने का इंसान बताकर उसकी खिल्ली उड़ाते हैं। यदि कोई बड़ी तेजी से काम करता है तो उसे कौनसी शताब्दी पकड़ना है बताकर उसका हौंसला को पस्त कर देते हैं। यदि कोई आत्मविश्वास दिखाने का साहस करता है तो उसे बड़ा अहंकारी बताकर उसका आत्मविश्वास जमीन के भीतर दफना देते हैं। यदि दुखी होता है तो उसे भीरू, कायर, डरपोक नामों से पुकारने की चेष्टा करते हैं। यदि संभाल-संभालकर रुपया पैसे खर्च करते हैं तो उसे कंजूस कहकर उसका मजाक बनाते हैं। यदि वह रुपए-पैसे खर्च करता है तो उसे आडंबर व नौटंकी करने वाला कहते हैं। यदि वह किसी पर संदेह करता है तो उसे शक्की कहकर ताना कसते हैं। यदि वह किसी पर विश्वास करता है तो उसे भोला-नादान कहकर उसके भोलेपन का परिहास करते हैं। यदि वह किसी से लड़ने-झगड़ने से बचता है तो उसे नामर्द या नपुंसक कहकर उसके लिंग पर प्रश्नवाचक चिह्न लगा देते हैं। यदि कोई पीड़ा में कराह उठता है तो उसे मौज-मस्ती समझने वालों की कोई कमी नहीं हैं यहाँ पर।

कुल मिलाकर दुनिया वाले क्या कहेंगे के डर से कई प्रतिभा के धनी मन मसोसकर रह जाते हैं। इसीलिए कहा गया है कि जिसे दुनिया पहले पागल कहती है वही आगे जाकर उनका सरताज होता है। दुनिया कदम कदम पर आपका कटाक्ष करने के लिए मौके तलाशती रहती है। इसलिए कटाक्षों की चिंता मत करो।

## न्यूज फ्लैश

### गांव भूसली में बीएसएफ जवान की पत्नी से कुछ युवकों ने की अभद्रता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गांव भुसली के बीएसफ में तैनात जवान के घर में घुसकर उसकी पत्नी व उसके बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों पर जवान की पत्नी ने उसके कपड़े फाड? व सोने के आभूषण भी स्नेच करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में जवान की पत्नी कविता ने बताया कि उसका पति संदीप जो बीएसएफ में तैनात है और उसकी डयूटी अगरताला में है। घर पर वह और उसका बेटा रहते हैं। महिला ने बताया कि पहले बच्चों का कुछ विवाद हुआ था। जो बाद में निपट गया, लेकिन गांव के ही लोगों ने रंजिश के चलते बीती देर शाम को आरोपी सागर, रितिक, सौरभ, बबलू, आजाद, राहुल व रवि कुछ अन्य लोगों साथ उसके घर में घुस गए। पहले इन लोगों ने पहले उसके बेटे के साथ जमकर मारपीट की। कविता ने आरोप लगाया है कि जब वह बीच बचाव के लिए आई तो हमलावरों ने उस पर भी हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए और उसके गले से एक तोले सोने की चेन व कानों के झुमके स्नेच करके ले गए। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिनको देख आरोपी मौके से फरार हो गए और जाते वक्त जान से मारने की धमकी देकर गए।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
**(मो. नं. : 9813507693)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# निरंतर बढ़ रहा है कांग्रेस का परिवार : सुमिता सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने आज अपने आवास पर कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में नियुक्त हुए सभी पदाधिकारियों का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी और उन्हें नई जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग में हितेश कुमार जैन को करनाल विधानसभा का चेयरमैन, करण सोढ़ी को संयोजक करनाल विधानसभा व सिद्धांत को चेयरमैन ग्रामीण ब्लॉक करनाल विधानसभा नियुक्त किया गया है। सुमिता सिंह ने इन नियुक्तियों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदय भान, लोकप्रिय सांसद दीपेंद्र हुड्डा व सोशल मीडिया इंचार्ज सुरेंद्र पवार एमएलए का धन्यवाद करते हुए यह विश्वास दिलाया कि यह सब पार्टी को मजबूत करने में योगदान करेंगे।

इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी सुमिता सिंह व पार्टी का आभार प्रकट किया व सभी ने पार्टी को मजबूत करने में और अधिक योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर भारी संख्या में



नौजवान साथियों ने कांग्रेस में आस्था व्यक्त की। इनमें संजय बंसल, राजेंद्र, राम दर्शन, निर्मल, धर्मपाल, राकेश, जगबीर, रजत, लकी, सरदार स्वर्णजीत सिंह, वैभव खुराना, बॉबी प्रधान, मोनू, शिवा वैध, बलविंदर, रवि, सूरज के नाम शामिल हैं। नए सदस्यों को कांग्रेस का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है और विश्वास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा कार्यकाल के 9 साल में कांग्रेस के मुकाबले 5 गुणा कर्ज, चार गुना महंगाई, तीन गुना बेरोजगारी और दोगुना अपराध व भ्रष्टाचार बढ़ा है। 9 साल में हर व्यक्ति ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अंतोउदय महासम्मेलन न होकर भाजपा की सरकारी कर्मचारी रैली पूरी तरह से फेल हो गई, क्योंकि जिस मकसद के साथ सरकारी

**पार्टी फंड**

> 8 हरियाणा की आम जनता की उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने कहा कि इस रैली का पूरा खर्चा सरकारी खजाने की बजाय पार्टी फंड से देना चाहिए

कर्मचारियों को ढोकर जबरदस्ती रैली में ले जाया गया था, उस मकसद में सरकार कामयाब नहीं हो पाई। इस रैली में न सिर्फ कर्मचारी मायूस होकर आए, बल्कि हरियाणा की आम जनता की उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने कहा कि इस रैली का पूरा खर्चा सरकारी खजाने की बजाय पार्टी फंड से देना चाहिए। इस रैली में सरकारी तंत्र का जमकर दुरुपयोग किया गया। इस अवसर पर उमाशंकर पांडे आब्जर्वर करनाल, कांग्रेस युवा अध्यक्ष मनिंदर सिंह, बिट्टू गुज्जर, राजीव देओल, पंकज पाल, परमजीत, रिंकू सौदा, आकाश मान, वरुण कंबोज, विनय, अशोक और अंकित आदि मौजूद रहे।

## 11वीं की छात्रा प्रेमी संग फरार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 साल की 11वीं कक्षा की छात्रा अपने प्रेमी संग फरार हो गई। परिजनों ने गांव के एक युवक पर छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप लगाए हैं। छात्रा अपने साथ कुछ दस्तावेज भी लेकर गई है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी गांव के एक स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती है। दो दिन पहले उसकी बेटी घर पर अकेली थी। वह अपनी पत्नी घर का सामान लेने के लिए बाजार गए हुए थे। दोपहर बाद घर वापस आए तो उनकी बेटी घर पर नहीं थी। हमने सोचा की उनकी बेटी पड़ोस में ही किसी अपनी सहेली के घर गई होगी। उनकी बेटी जब शाम तक भी घर वापस नहीं आई तो उन्हें अपनी बेटी की सहेलियों के घर भी पता किया और अपने रिश्तेदारी में पता किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। उसके बाद जब घर पर सामान चेक किया तो वहां से उसकी बेटी के कुछ दस्तावेज व कुछ पैसे भी गायब थे। पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें शक है गांव का ही एक लडका उनकी बेटी को परेशान करता था। वहीं लडका उनकी बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर गया है।

आरोपी ने वारदात को अंजाम उस समय दिया, जब हमारे घर पर कोई नहीं था। सदर थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज आरोपी लडके व छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। जल्दी छात्रा को ढूंढ कर परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

## ...तो भगवान भी प्रणाम स्वीकार नहीं करता: शेखर शर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उत्तम औषधालय, माता राम प्यारी बत्तरा** दुर्गा मंदिर के प्रांगण में चल रही कार्तिक कथा की प्रातः गुरुदेव देवेन्द्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा के सानिध्य में पूजा अर्चना करके पंडित शेखर शर्मा, पं. सच्चिदानंद तिवारी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ से शुरूआत हुई। हवन यज्ञ के यज्ञ भगवान परिक्रमा की गई।

वीनू शर्मा, सागर मेहंदीरता, सन्नी निझावन ने भजनों के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया। मुझे तूने मालिक बहुत कुछ दिया तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है। मेरा कोई न सहारा बिन तेरे नन्द लाल साविरयां मेरे। पं. सच्चिदानंद तिवारी ने प्रभु भक्ति करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि जो माता पिता के



चरण स्पर्श नहीं करता, भगवान भी उसका प्रणाम स्वीकार नहीं करता। कथा करते हुए शेखर शर्मा ने कहा कि दूत ने ये सब समाचार जालन्धर से जाकर कहा तो वह अत्यन्त क्रोधित हुआ और देवताओं को जीतने का उपाय सोचने लगा। उसने सब दिशाओं तथा पातालों में अपने दूत भेजकर सब दैत्यों को बुलाया और शुम्भ तथा निशुम्भ को अपना सेनापति बनाकर स्वर्ग के नन्दन वन में जाकर इन्द्र की अमरावती पुरी को घेर लिया। तब देवता भी युद्ध के लिए बाहर निकल आये और अनेक प्रकार के शस्त्रास्त्रों से देवताओं तथा दैत्यों का युद्ध होने लगा। वे सब एक दूसरे को मार मारकर गिराने लगे। सब तरफ रुधिर बहने लगा। मर कर गिरे हुए घोड़ों और हाथियों से पृथ्वी भर गई।

**कथा**

> 8 बाहर निकल आये और अनेक प्रकार के शस्त्रास्त्रों से देवताओं तथा दैत्यों का युद्ध होने लगा

इस अवसर पर मानव बतरा, गौरव बतरा, सुभाष वधावन, अशोक पोपली, भारत भूषण काकू, सन्नी निझावन, सतीश सागर मेहंदीरता, ईश्वर दत्त, प्रेम मोंगा, हर्ष अलग, राम लाल ग्रोवर, एडवोकेट राजिन्द्र मोहन शर्मा, जगदीश खट्टर, रघबीर, भूपेन्द्र पटरेजा, रमेश पाल, राजिन्द्र छाबड़ा, रामस्वरूप, राजेश तनेजा, राजीव मेहता मौजूद रहे।

## पत्नी ने पति के हत्यारों को गिरफ्तार करने की लगाई गुहार

करनाल/टीम **एक्शन इंडिया।** शिव कॉलोनी में दोस्तों द्वारा युवक की हत्या के मामले में परिजनों ने पुलिस से आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने अब तक इस मामले में दो लोगों को पकड़ा है। वहीं परिवार का आरोप है कि मुख्य आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। शिवानी ने बताया कि उसके पति चरणजीत का विशाल शर्मा के साथ लेन-देन था। 29 अक्टूबर को वह अपने पति व उसके दोस्त नवीन के साथ पाल नगर में गए थे। उन्हें बाहर खड़ा करके चरणजीत विशाल के घर पैसे लेने के लिए चला गया। उस समय वहां पर कौशल शर्मा व हर्षद भी था। उसके पति ने विशाल



से पैसे मांगे तो दोनों में कहासुनी हो गई।

इस दौरान विशाल अपने घर के अंदर से गंडासी लेकर बाहर आया। जिसके बाद कोशल शर्मा व हर्षद ने उसके पति को पकड़ लिया और विशाल ने चरणजीत के सिर पर गंडासी से वार कर दिया। शोर सुनने के बाद जब वह अंदर गई तो उसके पति के सिर से खून बह रहा था।

## 90 प्रतिशत अपराधों के पीछे नशा मुख्य कारण : डॉ. अशोक वर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ा गांव में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. शारदा कुमारी ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए नशे जैसे ज्वलंत विषय पर चर्चा की, जिसमें 705 विद्यार्थियों एवं 35 शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित नशा भारत में अन्य स्थानों से आए रहा है।

## बुजुर्ग महिला को मृत बता काटी पेंशन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कोहंड** गांव की एक 83 वर्षीय बुजुर्ग पतासी देवी अधिकारियों की लापरवाही के कारण कागजों में मृत घोषित हो चुकी है और वह खुद को जिंदा साबित करने के लिए संतरी से मंत्री तक गुहार लगा रही है। वह कब मरी, इस बात का पता उसे तब पता चला, जब करीब 9 माह पहले उसकी पेंशन बंद हो गई। उसके बाद से ही वह को जिंदा करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है। बुजुर्ग जिंदा है और वह दफ्तरों में अधिकारियों के सामने खड़े होकर यह भी कह रही है कि देखो मैं जिंदा हूं, लेकिन कोई भी उसको जिंदा नहीं मान रहा। पतासी बताती है कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह सिर्फ पेंशन के सहारे ही अपना गुजर बसर कर रही थी, लेकिन 9 महीने से पेंशन कट चुकी है। पेंशन शुरू करवाने के लिए दफ्तर में भटक रही हूं। शरीर में जान नहीं है, सहारा देने के लिए भी पडोसियों को लेकर आती हूं। गुस्सा तो इतना आता है कि कुछ कर जाऊं, लेकिन मैं कर भी क्या सकती हूं, सिवाय धक्के खाने को। रोष को अंदर ही अंदर दबाए बैठी हूं। जब किसी की पेंशन कट जाती है और उसको जुड़वाने के लिए दर दर की ठोकर खानी पड़ती है। ऐसा ही वाक्य कुरुक्षेत्र के नलवी गांव के रहने वाले दिव्यांग रविन्द्र के साथ भी हुआ था, जिसने अपनी पेंशन शुरू करवाने के लिए इतने ज्यादा धक्के खाने पड़े थे कि उसको अपनी पत्नी के गहने तक बेचने पड़ गए थे, जिसका गुस्सा उसके मन मे था, जो अंत्योदय महासम्मेलन करनाल में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के दौरान देखने को मिला। रविंद्र ने जूता स्टेज की तरफ उछाल दिया था। बुजुर्ग को पता चला था कि शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में डीसी अनीश यादव आए हुए हैं और वह अपनी से समस्या उनके सामने रखने आई थी, लेकिन जब तक वह पहुंची तब तक डीसी जा चुके थे।

## किराया डिफॉल्टर 12 दुकानदारों पर निगम ने की बड़ी कार्रवाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के आदेशानुसार निगम दुकानों का किराया न चुकाने वाले डिफाल्टर दुकानदारों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान राम नगर, बांसो गेट व महाराणा प्रताप चौक की 12 दुकानों पर कार्रवाई की गई। इनमें से 3 दुकानों को सील कर कब्जे में लिया गया। सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए नगर निगम के प्रवर्तन दल को मौके पर 4 दुकानदारों ने आंशिक व 5 ने पूर्ण भुगतान किया। कार्रवाई के दौरान टीम ने 10 लाख रुपए की रिकवरी की।

नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने बताया कि सीलिंग की कार्रवाई करने से पहले उपरोक्त सम्बंधित दुकानदारों को कई बार नोटिस भी जारी किए गए थे, परंतु उन द्वारा नोटिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद दुकानों को सील करने व कब्जे में लेने की कार्रवाई प्रारम्भ की गई, जिसके फलस्वरूप इसे अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के मद्देनजर, नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 408-ए (1) के तहत उक्त दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। सील करने गई एन्फोर्समेंट टीम में सचिव बल सिंह, रेंट सहायक राम सिंह तथा उनकी टीम व पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले राम नगर की 3 दुकानों को सील करने की कार्रवाई शुरू की गई। इनमें से 2 दुकानों के किराएदारों द्वारा मौके पर



टीम को आंशिक भुगतान कर दुकान को सील होने से बचा लिया गया। परंतु एक दुकानदार द्वारा किराए का भुगतान न करने की सूरत में उसे तुरंत सील कर अपने कब्जे में ले लिया गया। इसके बाद बांसो गेट स्थित 4 दुकानों को सील करने की कार्रवाई प्रारम्भ हुई। इनमें से 2 किराएदारों द्वारा मौके पर टीम को आंशिक भुगतान कर दुकान को सील होने से बचा लिया। परंतु 2 दुकानदारों द्वारा किराए का भुगतान नहीं करने पर सम्बंधित दुकानों को सील कर अपने कब्जे में लिया गया। इसके पश्चात प्रवर्तन दल महाराणा प्रताप चौक स्थित 5 दुकानों को सील करने पहुंचा।

निगम की सख्ताई व सीलिंग से बचने के लिए सभी सम्बंधित दुकानदारों द्वारा चैक के माध्यम से किराए का भुगतान किया गया, जिसके पश्चात उनकी दुकानों को सील नहीं किया गया।

## 'विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने में अध्यापक की भूमिका अहम'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल खंड के गांव नलवी पार स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना की प्रधानाचार्या सरला सांगवान ने दालचीनी का पौधा रोपा। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और प्रश्न पूछे। देश-प्रदेश से संबंधित विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान की प्रधानाचार्या ने सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य शिक्षक सुभाष लांबा ने की। सरला सांगवान ने कहा कि अध्यापकों की मेहनत से विद्यार्थियों की संवेदनशीलता व समझदारी का विकास होता है। शिक्षा केवल पढने-लिखने और गणित करने की क्षमता हासिल करने का नाम ही नहीं है। शिक्षा मनुष्य को उसके सर्वोच्च उद्देश्यों से साक्षात करवाती है और फिर उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि अच्छा नागरिक बनने के लिए विद्यार्थियों का अपने आसपास के परिवेश से जुड?ा जरूरी है।

मुख्य शिक्षक सुभाष लांबा ने कहा कि स्कूल में अनेक प्रकार की गतिविधियों के जरिये विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने की कोशिश की जा रही है। सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछना प्रातरूकालीन सभा और कक्षाओं का नियमित कर्म है। इस मौके पर अध्यापक पंकज भटनागर, सोमवीर, दर्शन कुमार, लता, सीमा, लक्ष्मी, वीना, ईशा, बलवान व ऋषिराज उपस्थित रहे।

## करनाल की जनता से रूबरू होंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री** मनोहर लाल रविवार को करनाल की जनता से जनसंवाद के माध्यम से रूबरू होंगे। मुख्यमंत्री करनाल के वार्ड नंबर-10 में सेक्टर-13 स्थित कम्यूनिटी सेंटर, गांव रतनगढ़, वार्ड नम्बर 20 के गांव उचाना व वार्ड नंबर-19 में रामनगर के चार खंम्बा चौक के नजदीक जनसंवाद करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल की जनता से जुड़ी समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर निवारण करेंगे।

कार्यक्रम से पूर्व शनिवार को करनाल के डीसी अनीश यादव व एसपी शशांक कुमार सावन ने जगहों का दौरा किया। इस दौरान



उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी अनीश यादव ने कहा कि सेक्टर-13 के कम्यूनिटी सेंटर में जन संवाद कार्यक्रम सुबह 10 बजे आयोजित होगा, इसके साथ-साथ गांव रतनगढ़ में होने वाला जनसंवाद दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार दोपहर बाद सायं 3 बजे वार्ड नम्बर 20 के गांव उचाना में तथा सायं 5 बजे वार्ड नम्बर 19 के रामनगर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी जन संवाद कार्यक्रमों में जिला के सभी विभागों से जुड़े आला अधिकारी शामिल होंगे।

एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि आमजन को जनसंवाद कार्यक्रम तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए पुलिस व्यवस्था के आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था होगी।

डीसी अनीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल ही नहीं प्रदेशभर में जनसंवाद के माध्यम से जन समस्याओं का निवारण कर रहे हैं। करनाल क्योंकि उनका खुद का विधानसभा क्षेत्र है, ऐसे में मुख्यमंत्री यहां हर वार्ड में जनसंवाद कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को दो जगह जनसंवाद कार्यक्रम हो रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### हिस्ट्रीशीटर अवैध असहाल के साथ किया गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मगोर्रा पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम राजस्थान बॉर्डर पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सौंख गुन्सारा रोड से हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरवर पुत्र गुलाब सिंह निवासी सहजुआ थोक कस्बा सौख थाना मगोर्रा को एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरवर एक शातिर किस्म का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इसके खिलाफ मथुरा, आगरा जिलों के विभिन्न थानों में एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### नगर आयुक्त ने खुदवाई नवनिर्मित सड़क तो खुल गई पोल

**मथुरा।** नगर आयुक्त शशांक चौधरी के तेवर तल्ख हो गये हैं। जनता से मिलने वाली शिकायतों की हकीकत जानने के



लिए नगर आयुक्त खुद मौके पर पहुंच रहे हैं। मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण कर रहे हैं। गांव ईसापुर में नवनिर्मित सड़क की गुणवत्ता को लेकर मिल रहीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ईसापुर पहुंचे और सड़क की गुणवत्ता जानने के लिए सड़क को खुदवाया। विजुअल इंस्पेक्शन में संदेह होने के बाद निर्माण सामग्री की जांच कराई। निर्माण सामग्री ठीक नहीं मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। नगर आयुक्त ने ईसापुर में निर्मित कराई गई सीसी सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने संबंधित अधिसासी अभियंता एवं अवर अभियंता की उपस्थिति में सड़क को खोदकर सड़क की जांच कराई। जांच में सड़क निर्धारित मानक अनुरूप निर्मित नहीं पाए जाने पर नगर आयुक्त के द्वारा संबंधित अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये, साथ ही नगर निगम मथुरा वृंदावन के द्वारा कराए जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक अनुसार एवं गुणवत्तायुक्त कराने को निर्देशित किया गया।

चीनी मिल पेराई सत्र– : चीन मिल कारखाने का रिपेयरिंग कार्य करीब 90 प्रतिशत पूरा–एमडी

### जानकारी के अनुसार 21 नवंबर तक पेराई सत्र के चालू होने की जताई जा रही उम्मीद

**सोनीपत:** शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में कारखाने में रिपेयरिंग का कार्य करीब 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। चीनी मिल व निजी कंपनी के कारिंदे दिन–रात मेहनत करके रिपेयरिंग कार्य को पूरा करने में जुटे है। मिली जानकारी के अनुसार पेराई सत्र को शुरू करने में कारखाने में लगी आग के चलते लेट होने की आशंका जताई जा रही है। मिल प्रबंधन की तरफ से 21 नवंबर तक पेराई सत्र के चलने की उम्मीद है। पेराई सत्र के देर से शुरू होने के चलते गन्ना उत्पादकों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित सहकारिता चीनी मिल सोनीपत का पेराई सत्र वर्ष 2022–23 नवंबर माह के पहले सप्ताह में शुरू हो गया था। लेकिन पेराई सत्र वर्ष–2023–24 को समय पर शुरू करने के लिए मिल प्रबंधन को कड़ी मशक्त करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। पेराई सत्र समय पर शुरू न होने के कई कारण मिल प्रबंधन की तरफ से बताए जा रहे है। मिल करखाने में रिपेयरिंग का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। हालांकि गत दिनों पहले कारखाने में लगी आग में जरूरी पार्ट जल गया था। जिसको मंगवाने व उसे स्थापित करने पर समय लग सकता है। जिसके कारण मिल का पेराई सत्र 21 नवंबर तक शुरू होने की आशंका जताई जा रही है।

**चीफ इंजीनियर चल रहे संस्पेड, पार्ट के समय पर पहुंचने की उम्मीद**–मिली जानकारी के अनुसार पेराई सत्र को शुरू करने में प्रबंधन की तरफ से कई अड़चने सामने आ रही है। मौजूदा समय में लापरवाही के आरोप में चीफ इंजीनियर कई महीनों से संस्पेड चल रहे है। कारखाने में निजी कंपनी को रिपेयंरिंग का ठेका दे रखा है। वहीं गत दिनों पहले कारखाने में शार्ट सर्किट से लगी आग के कारण कारखाने में मुख्य पार्ट जल गया था। जिसके जल्द आने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्ट के आने व स्थापित होने में समय लगेगा। जिसके चलते पेराई सत्र के शुरू होने में देरी हो सकती है। वहीं गन्ना उत्पादक पेराई सत्र को पहले ही सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद जता रहे थे।

कांटे का कार्य अभी अधूरा, स्थापित नहीं हो सके पार्ट–गत पेराई सत्र को मिल प्रबंधन की तरफ से 7 नवंबर को शुरू किया था।

# प्रसिद्ध पोशाक कारोबारी की पत्नी की हत्या, कारोबारी की हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**

**महानगर** के हाईवे क्षेत्र में बदमाशों ने बडे पोशाक कारोबारी के घर में घुस कर सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। वारदात के समय घर के अंदर पोशाक व्यापारी और उनकी पत्नी ही थीं। बेटा और बहू तीर्थ यात्रा पर बाहर गये हुए थे। जब वारदात की सूचना मिली तो दंपति को गंभीर अवस्था में लोग उपचार के लिए अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने 56 वर्षीय पोशाक कारोबारी की पत्नी कल्पना अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया। 58 वर्षीय कृष्णा अग्रवाल को गंभीर



हालत देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। कृष्णा अग्रवाल धर्म नगरी के प्रसिद्ध पोशाक कारोबारी हैं उन्हें मुकुट वालों के नाम से भी लोग जानते हैं। घटना की सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसएसपी शैलेश पांडेय ने घटना स्थल का संघन निरीक्षण किया। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया था। टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये। इस दौरान पुलिस को पता चला कि बदमाश घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकाल ले गये हैं। एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि हाईवे क्षेत्र में एक मकान के अंदर एक दंपति के चोटिल होने और उनको यहां से हॉस्पिटल ले जाने का मामला प्रकाश में आया था। हॉस्पिटल में महिला की मृत्यु हो गई और पुरुष का इलाज चल रहा है। यह हत्या का मामला लग रहा है। किन कारणों से हुई है, इसको लेकर अभी छानबीन चल रही है। दोनों पति पत्नी बीती रात मकान में अकेले थे। इनके घर में और कोई नहीं था। अभी अज्ञात में यह प्रकरण है। हमारी पुलिस टीमें लगी हुई हैं। क्राइम ब्रांच की दो, सर्विलांस की टीम, तीन थानों की पुलिस, कुछ छह टीमें इस घटना के खुलासे में जुटी हैं। जल्द ही इस घटना का हम खुलासा करेंगे और जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे। अभी कुछ भी कोई बताने की स्थिति में नहीं है। जो भी तथ्य सामने आएंगे तत्काल कार्यवाही की जाएगी। वारदात का शिकार हुआ परिवार वृंदावन में रहता था। कुछ समय पहले ही उन्होंने हाइवे क्षेत्र में विकसित हुई गुरु कृपा विलास कॉलोनी में मकान बनाया था।

**व्यापारियों ने जताया घटना पर रोष:** घटना का शिकार हुआ परिवार धोली प्याऊ वाले शिव शंकर सेठ की पुत्री का ससुराल पक्ष है और मृतक महिला उनकी समधिन कल्पना

# पुलिस ने 46 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मथुरा पुलिस ने 46 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को थाना कोतवाली पुलिस ने आठ, थाना गोविंद नगर पुलिस ने एक, थाना जमुनापार पुलिस ने दो, थाना जैंत पुलिस ने नौ, थाना रिफाइनरी पुलिस ने एक, थाना हाईवे पुलिस ने 11, थाना महावन पुलिस ने एक, थाना गोवर्धन पुलिस ने पांच तथा थाना बरसाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। शनिवार थाना गोवर्धन पुलिस ने छह वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किये। गिरफ्तार अभियुक्तों में राधा किशन पुत्र मदन लाल सैनी निवासी हरीपुरा चूतर टेका के पास थाना गोवर्धन, सुरेश पुत्र दामोदर नाई निवासी दानघाटी मंदिर के बराबर कस्बा व थाना गोवर्धन, गोकलेश पुत्र अमर सिंह

**काबू**

**8 वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मथुरा पुलिस ने 46 वारंटियों को गिरफ्तार किया**

निवासी सकरवा थाना गोवर्धन, राकेश पुत्र प्रकाश निवासी सकरवा थाना गोवर्धन, अमर सिंह पुत्र बैनी निवासी सकरवा थाना गोवर्धन, कुल्लो उर्फ कैलाश पुत्र राम नाई निवासी मेवाती मोहल्ला थाना गोवर्धन हैं। शनिवार को ही थाना बरसाना पुलिस ने वारंटी अभियुक्त असरफ पुत्र सद्दीक उर्फ यायाह निवासी ग्राम हाथिया थाना बरसाना को एक चाकू के साथ रूपनगर वाली पुलिया वहद ग्राम चिकसौली से गिरफ्तार किया।

# चोरी की सात मोटरसाइकिल, एक स्कूटी बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

थाना जैत पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की सात मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है।

थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक गणेश पुत्र लालचंद निवासी मीना मोहल्ला ग्राम छटीकरा थाना जैत मथुरा, रोहन पुत्र हरिचरन निवासी थोक मनी ग्राम चौराहा थाना जैत मथुरा हाल निवासी ग्राम पैठा सौख रोड थाना गोवर्धन मथुरा, कलुआ उर्फ घोटा पुत्र भूरी सिंह निवासी दादू थोक ग्राम राल थाना जैंत मथुरा तथा सुशील उर्फ कान्ती पुत्र दयाचन्द निवासी मीना मोहल्ला ग्राम छटीकरा थाना जैत मथुरा को गिरफ्तार किया गया है।

## बेटियों के जन्म पर परिवार संग बांटी खुशियां, दिए उपहार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

ग्रुप ऑफ सोशल सर्विस की टीम की ओर से बेटी लाओ देश बचाओ अभियान के तहत सरकारी अस्पताल में पैदा हुई देवी रूप बेटियों को कपड़े, खिलौने और मिठाई के डिब्बों के साथ-साथ गुप्त दान राशि देकर सम्मानित किया गया और उनके परिवार के साथ खुशियां सांझा की।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी एवं पीके कैमिकल एमडी अजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ग्रुप के इस कार्य के लिए सहयोग किया और कहा कि टीम बहुत अच्छा कर रही है। इस तरह के कार्यो के लिए अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। बेटियों आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

# नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र से फिर चार छात्राओं को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**सीएमओ** परिसर में हुई गैर रिसाव की घटना के बाद शनिवार को प्रभावित हुईं छात्राओं को देखने विधायक श्रीकांत शर्मा सीएमओ कार्यालय परिसर में बने नर्सिंग की छात्राओं के प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे। इसके बाद चार छात्राओं को एंबुलेंस बुलाकर सही इलाज के लिए रामकृष्ण मिशन अस्पताल वृंदावन भेजा। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना और घोर लापरवाही है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और सीएम योगी आदित्यनाथ को लापरवाही के बारे में अवगत कराएंगे। यह कमरा काफी समय से बंद पड़ा हुआ था। इसकी जांच के लिए



हम लिख रहे हैं। पूरी घटना की विधिवत जांच हो और इस तरह की लापरवाही यहां दोबारा न हो। सीएमओ यह सुनिश्चित करेंगे और यह जांच भी करेंगे इस तरह से कितने रूम यहां अभी भी लम्बे समय से लॉक हैं। ऐसा कोई पदार्थ तो नहीं है जिसकी वजह से दोबारा इस तरह की घटना हो। मुझे तत्काल जानकारी मिली, मैं आज यहां छात्रों को मिला भी हूं। जैसे ही घटना हुई तत्काल छात्राओं को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अभी भी मैंने देखा कि तीन बच्चियों की हालत अच्छी नहीं है।

# भाकियू चढूनी ने महापंचायत को लेकर तैयार की रणनीति

## -हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी किसान संगठन की महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पीपली में होने वाली किसानों की जन आक्रोश रैली में मथुरा से भी बडी संख्या में किसान हिस्सा लेंगे। शनिवार को कैंप कार्यालय बलदेव में भाकियू चढूनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक कर पीपली जाने के लिए रणनीति बनाई गई। पीपली में किसानों की महापंचायत होगी। इस महापंचायत में किसान केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष रामफल सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष



गुरनाम सिंह चढूनी के मथुरा दौरे को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी। मंडल अध्यक्ष तोमर ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है, किसानों की लगातार अनदेखी हो रही है। किसानों को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। लागत मूल्य, खाद, बिजली, डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। सरकार ने किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। बैठक में संगठन विस्तार किया गया। गौरव तोमर को मंडल प्रवक्ता नियुक्त किया गया। डा. सतीश चन्द्र, कुंती भोज रावत, बिल्ला सिंह, राधेश्याम सिकरवार, हीरो काका, गौरव तोमर, भूले सिंह, प्रकाश तोमर, संदीप, हीरा सिंह चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी, मान सिंह उर्फ भुल्ली, चरण सिंह पवार, प्रताप सिंह प्रधान, ओमवीर मास्टर, श्याम सिंह, मनोज चौधरी, अर्जुन सिंह, यशपाल सिंह, प्रशांत सिंह, मान सिंह प्रधान, पूरन सिंह, ओंकार सिंह, सोनवीर सिंह तोमर मौजूद रहे। अध्यक्षता महाराज सिंह प्रधान ने की। संचालन गौरव तोमर ने किया।


## क्रोमा के 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' में दिवाली के लिए टीवी, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप और स्मार्टफोन पर शानदार डील्स की आतिशबाजी

**संगरूर: इस** दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में शुरू हुआ है 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' कैम्पेन। 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले इस कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और वेबसाइट पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर पेश किए गए हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और कई अन्य उत्पादों पर इन ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, क्रोमा ने आपके सपनों को साकार करने के लिए आकर्षक छूट और ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ क्रोमा स्टोर्स, वेबसाइट और टाटा नेउ पर लिया जा सकता है। *सभी ऑफर पर नियम और शर्तें लागू होती हैं। यदि आप घर पर शानदार मनोरंजन अनुभव का आनंद लेना चाहते हैं, तो क्रोमा से 55", 65" और 75" 4ङ एलईडी टीवी खरीदें, केवल 2990 रुपये प्रति माह की आसान ईएमआई सुविधा के साथ। यदि आप सैमसंग टीवी के प्रशंसक हैं, तो आपके लिए प्रस्तुत है एक विशेष ऑफर झ्र 55ह्ल सैमसंग लाइफस्टाइल फ्रेम टीवी हर महीने इतनी ही कीमत पर खरीदा जा सकता है और इसके साथ मिलता है 8990 रुपयों का बेजल मुफ्त। एमएस ऑफिस के साथ इंटेल कोर आई3 लैपटॉप की कीमतें 30,900 रुपये से शुरू होती हैं। इतना ही नहीं, टेक गेम का और भी ज्यादा मजा पाने के लिए क्रोमा आकर्षक ईएमआई डील्स की पेशकश कर रहा है। जब आप लैपटॉप खरीदते हैं, तो आपको 24 महीने तक के ईएमआई की सुविधा मिलती है, इसलिए अब कनेक्टेड रहना और प्रौद्योगिकी की दुनिया में सबसे आगे रहना बहुत आसान हो गया है।


## वार्षिक समारोह में बच्चों ने दिया भाईचारे का सन्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

सैंट थेरेसा कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में स्कूल का वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को अच्छाई एवं परोपकार के साथ देश के प्रति प्रेम और एक दूसरे की भलाई करने का भी सन्देश दिया।

स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर प्रिया थेरस की दूर दृष्टि के चलते छोटे बच्चों ने कन्या जन्म, कन्या शिक्षा के साथ-साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का बीड़ा उठाते हुए जो रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, उस ने अनोखा समा बांध दिया। आज के इस समारोह को चीफ गेस्ट आइपीएस अधिकारी मधुर वर्मा ने अपनी उपस्थिति से न सिर्फ चार चांद लगाए, वरन समाज कल्याण से ओतप्रोत कार्यक्रम भाव भरे बच्चों के लिए प्रशंसा शब्दों द्वारा उन्हें नया आत्म बल भी दिया।

# डीएम ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद कक्ष संख्या चार पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया गया।

सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण करके बीएलओ, अधिकारियों तथा सुपरवाइजरों को उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ब्लॉक सदर के औरंगाबाद बूथ संख्या 390 का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिए कि ऐसे युवा जो एक जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं या 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनके नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है उनको शत प्रतिशत रूप से फार्म भरवाना सुनिश्चित करें तथा ऐसे सभी नागरिक अपने से संबंधित मतदान केंद्र एवं मतदेय स्थल पर पहुंचकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म संख्या 6 भरवाएं। जिन मतदाता सूची में सम्मिलित मृतक, स्थानांतरित या डुप्लीकेट नामों को कटवाने के लिए फार्म संख्या 7 भरकर जमा कराएं तथा संबंधित मतदाता अपने नाम, आयु या पते इत्यादि में संशोधन कराने के लिए फार्म संख्या 8 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपना नाम स्थानांतरित कराने के लिए फार्म संख्या 8 क भरवाना सुनिश्चित करें।

# जनपद में समूह गठन का 75 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

## -2943 समूह गठित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 2212 समूहों का हुआ गठन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

जनपद में समूह गठन का 75 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। वर्तमान में समूह गठन के लिए 44 आईसीआरपी ड्राइव क्षेत्र में लगी हुई हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उपायुक्त स्वत रोजगार, डीएमएम, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) तथा समस्त बीएमएम उपस्थित रहे। जनपद का वर्ष 2023-24 में 2943 समूह गठित करने का लक्ष्य है जिसके



सापेक्ष 2212 समूह गठित किये जा चुके हैं। वर्तमान में समूह गठित करने के लिए 44 आईसीआरपी ड्राइव क्षेत्र में लगी हुई है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त बीएमएम को निर्देशित किया गया कि गठित समूहों की सखी एप पर यथाशीघ्र फीडिंग

**ऑलाईन**

**8 डीएमएम को निर्देशित किया गया कि समूह द्वारा बनाए जा रहे अच्छे उत्पादों को अमेजॉन पर ऑनलाइन कराएं**

कराएं। समस्त बीएमएम द्वारा सखी एप पर आ रही तकनीकी समस्याओं से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सखी एप पर फीडिंग की धीमी प्रगति के लिए विकासखंड चौमुंहा एवं छाता के बीएमएम को मौखिक चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त बीएमएम न्यूनतम तीन समूह की ऐप पर फीडिंग प्रतिदिन अवश्य करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बीसी सखी तथा विद्युत सखी के कार्यों की समीक्षा भी की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डीएमएम को निर्देशित किया गया कि समूह द्वारा बनाए जा रहे अच्छे उत्पादों को अमेजॉन पर ऑनलाइन कराएं, वर्तमान में समूहों के 51 उत्पाद अमेजन पर ऑनलाइन है। डीएमएम को यह भी निर्देशित किया गया।

# पुरजोर तरीके से उठाई पुरानी पेंशन की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**पुरानी** पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी आंदोलित हैं। मांग को पुरजोर तरीके से उठाया जा रहा है। अपनी मांगों के समर्थन में जिला स्तर से लेकर देश की राजधानी तक कर्मचारी लाबंद होकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। जनपद मथुरा से पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु रामलीला मैदान नई दिल्ली में प्रतिभा किया गया। प्रतिभा करने वालों में मुख्य रूप से फेडरेशन के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, जिला संयुक्त मंत्री राम सिंह वाल्मीकि, जिला मंत्री सोरन



सिंह, मिनिस्ट्रियल एग्रीकल्चर के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष डीके शर्मा, सत्य प्रकाश चौधरी, अमित चौधरी, उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, अंजय, सुशील आदि ने प्रतिभा किया। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि पुरानी पेंशन की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया गया।

# 'ब्राह्मण समाज ने नहीं किया कांग्रेस पार्टी का समर्थन'

## ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ने चेताया, कोई भी राजनीतिक दल अपने राजनीतिक उद्देश्य को साधने के लिए ब्राह्मण समाज का इस्तेमाल न करें

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ब्राह्मण** खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कुछ ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा आने वाले चुनावों में किसी पार्टी विशेष के समर्थन करने वाले ब्यान का खंडन किया है. उन्होंने कहा है कि ब्राह्मण समाज ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं किया है, कुछ चुनिंदा लोगों ने जो पहले से ही किसी पार्टी विशेष से जुड़े हुए हैं उनका अपना राजनीतिक उद्देश्य हो सकता हैं इसके लिए सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज से कोई लेना देना नहीं है. यह चुनिंदा लोगों का निजी निर्णय हो सकता है ब्राह्मण समाज ने अभी तक किसी पार्टी के समर्थन का कोई भी फैसला नहीं किया है. चुनाव में ब्राह्मण समाज किस पार्टी को समर्थन करेगा, यह समाज के अग्रणी लोगों की सामूहिक बैठक में तय किया जाएगा. खाप प्रदेश अध्यक्ष



अशोक शर्मा ने भूपेंद्र हुड्डा के उस ब्यान का भी विरोध किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार आने पर ब्राह्मण समाज सहित 4 बिरादरी के उपमुख्यमंत्री बनाये जाएंगे. शर्मा ने कहा कि यदि भूपेंद्र हुड्डा ब्राह्मण समाज का सम्मान करते हैं तो उनको ब्राह्मण समाज को मुख्यमंत्री पद देने की घोषणा करनी चाहिए थी यह समाज को बरगलाने की साजिश है. ब्राह्मण समाज जागरूक है, अपने राजनीतिक निर्णय समय आने पर लेगा. प्रदेश अध्यक्ष ने सभी राजनीतिक पार्टियों से अपील की कि ब्राह्मण

**पुरजोर विरोध**

**8 राजनीतिक इस्तेमाल करने की कोशिश की तो पूरे प्रदेश के ब्राह्मण समाज द्वारा एकजुट होकर खुलकर पुरजोर विरोध किया जायेगा**

समाज को उनकी समाज में हिस्सेदारी के हिसाब से भागीदारी सुनिश्चित करके सम्मान दें
गौरतलब है कि सम्पूर्ण हरियाणा के ब्राह्मण मुखियाओं ने ब्राह्मण खाप हरियाणा का गठन कर अशोक शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी और पूरे प्रदेश में उसी दिन से ब्राह्मण खाप ने समाज को एकजुट करने की मुहिम छेड़ रखी है.
अशोक शर्मा ने कहा कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि गत दिवस ब्राह्मण समाज के कुछ लोगों ने भूपेंद्र हुड्डा के चंडीगढ़ आवास पर पहुंचकर हुड्डा के लिए अपने समर्थन का ऐलान किया। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों व भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते कांग्रेस ज्वाइन की। कांग्रेस ने कुछ लोगों की निजी भागीदारी को सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज द्वारा कांग्रेस का समर्थन दिखाया गया है, जबकि यह ब्राह्मण समाज के कुछ लोगों का निजी निर्णय है. उन्होंने चेताया कि यदि भविष्य में किसी भी राजनीतिक पार्टी ने अपनी मर्जी से ब्राह्मण समाज को बरगलाने के लिए इस तरह से राजनीतिक इस्तेमाल करने की कोशिश की तो पूरे प्रदेश के ब्राह्मण समाज द्वारा एकजुट होकर खुलकर पुरजोर विरोध किया जायेगा

## न्यूज फ्लैश

### सांसद नायब सैनी के प्रदेशाध्यक्ष बनने निगम पार्षद पुनीत के नेतृत्व में किया स्वागत



**राई** भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि सांसद नायब सैनी के प्रदेशाध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन मजबूत होगा। भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने नायब सिंह सैनी का गदा देकर स्वागत किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीबों के उत्थान के लिए पिछले 9 साल के कार्यकाल के दौरान अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। जिससे यह साबित होता है कि भाजपा ही गरीबों का उत्थान कर सकती है। पहले गरीब परिवारों के लोगों के लिए सरकारी नौकरी प्राप्त करना एक बहुत ही कठिन कार्य होता था। भाजपा सरकार ने नौकरियों में व्याप्त भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार के सिस्टम को ही खत्म कर मेरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं। इस मौके पर सुंदर जठेड़ी, राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, अनिल त्यागी, प्रवेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### खेड़ी गुर्जर गांव के पशु औषधालय का दरवाजे की कुंडी तोड़कर पंखे व अन्य सामान चोरी मामला दर्ज

**गन्नौर।** खेड़ी गुर्जर गांव के पशु अस्पताल के दरवाजे की कुंडी तोड़कर अज्ञात चोर अस्पताल के अंदर लगे पांच पंखे ,पानी का पाइप, दवाइयां व अन्य सामान चोरी कर ले गए। एनिमल अटेंडेंट ने चोरी की सूचना गन्नौर थाना पुलिस को दी । सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का मुआईना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में एनिमल अटेंडेंट अमित ने बताया कि 3 नवंबर को जब वह अस्पताल में ड्यूटी के लिए गया तो अस्पताल के पिछले वाले दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी और समान चोरी हुआ मिला। शिकायत में बताया कि कर औषधालय के अंदर से 5 पंखे छत वाले, 2- पानी वाले पाइप, कुछ दवाईया व कुछ औजार चोरी कर ले गए। गन्नौर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इंडसइंड बैंक ने 'एनआरआई होमकमिंग' महोत्सव की शुरूआत

**नोएडा/गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**इंडसइंड** बैंक ने 'एनआरआई होमकमिंग' (प्रवासी घर वापसी) उत्सव शुरू किया, जो प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के अपने परिवारों के साथ जुड़ने के लिए स्वदेश लौटने की याद दिलाता है। उल्लेखनीय है कि इस उत्सव का आयोजन फिलहाल चल रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान किया गया है। साथ ही साल के अंत में छुट्टियों का मौसम भी आने वाला है और जनवरी 2024 में बहुप्रतीक्षित प्रवासी भारतीय दिवस का भी आयोजन होना है। इस पहल का उद्देश्य है, बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं से जुड़े जश्न मनाने वाले कार्यक्रमों और आकर्षक पेशकशों की एक श्रृंखला के माध्यम से ग्राहकों के लिए एक यादगार अनुभव तैयार करना। एनआरआई होमकमिंग उत्सव के अंग के रूप में, बैंक सीमित अवधि के विभिन्न किस्म के लाभ प्रदान कर रहा है, जिसमें एनआरई/एनआरओ बचत खातों पर 6.75% प्रति वर्ष तक की ब्याज दर, एनआरई/एनआरओ जमा पर प्रति वर्ष 7.5% तक की ब्याज दरें और यूएसडी एफसीएनआर जमा पर 5.95% प्रति वर्ष तक की ब्याज दरें प्रदान करना शामिल है। इसके अलावा, 'एनआरआई होमकमिंग' कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता पर जानकारीपूर्ण सत्र भी शामिल हैं, जो एनआरआई और पीआईओ को विदेश लौटने से पहले उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। अनुभवी वित्तीय योजनाकारों के नेतृत्व में संचालित इन सत्रों का उद्देश्य है, एनआरआई को उनके वित्तीय उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से हासिल करने में सहायता करना। ग्राहकों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने के साथ, बैंक ह्यमेरा खाता मेरा नंबरह्न (माय अकाउंट, माय नंबर), व्हाट्सएप बैंकिंग और फिंगर प्रिंट बैंकिंग जैसी सुविधाओं के साथ सहजता से एनआरआई डिजिटल खाता खोलने वाले प्लेटफॉर्म की सुविधा प्रदान करने पर ध्यान दे रहा है।

# कल भीम स्टेडियम में लगेगा निःशुल्क हेल्थ व आंखों का जांच शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी ओर से प्रत्येक सप्ताह में लाडवा हल्के के किसी न किसी में निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प व आंखो का जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसका हल्के की जनता भरपूर लाभ उठा रही है। नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि पांच नवम्बर दिन रविवार को शहर के इंदिरा गांधी नेशनल कालेज के भीम स्टेडियम में ग्रामीणों के स्वास्थ्य को देखते हुए निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प व आंखों का जांच शिविर का



आयोजन किया जाएगा। जिसमें दवाईयां व चश्में निःशुल्क वितरीत किये जाएंगे। कैम्प सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा।

# एसबीआर ब्लास्टर में प्रोडक्शन वॉरियर को 12 रनों से हराया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन एस.बी.आर.**
ब्लास्टर ने प्रोडक्शन वॉरियर को 12 रनों से हराकर इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड की अंतर विभागीय क्रिकेट चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।
आई.एस.आर.पी.एल. द्वारा आयोजित अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मुख्य महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुकेश शर्मा ने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि हमें हार के बाद निराश नहीं होना चाहिए । अपितु हार से शिक्षा लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए ।




जो टीम आज फाइनल मुकाबले में हारी है उसे आगे आने वाले समय में ओर मेहनत कर जीतने का प्रयत्न करना चाहिए । हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं । इसलिए हमें हार से मायूस न होकर आगे बढ़ने के लिए मेहनत और लगन के साथ खेलना चाहिए । ताकि आने वाले समय में जीत हासिल की जा सके।
आई.एस.आर.पी.एल. की अंतर विभागीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में 12 टीमों ने भाग लिया।
फाइनल मुकाबला एस.बी.आर. ब्लास्टर और प्रोडक्शन वॉरियर के मध्य खेला गया । एस.बी.आर.

**जीत मिली**

**8 प्रोडक्शन वॉरियर की टीम 99 रनों का पीछा करते हुए 19 ओवरों में 87 रनों पर ऑल आउट हो गई**

ब्लास्टर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 99 रन बनाए।
प्रोडक्शन वॉरियर की टीम 99 रनों का पीछा करते हुए 19 ओवरों में 87 रनों पर ऑल आउट हो गई । प्रवीण सागवान ने फाइनल मुकाबले में 5 विकेट झटक कर मैन ऑफ दा मैच का अवार्ड मिला।

# डांस रियलिटी शो किसमें कितना है दम में मीनू आई प्रथम

## रियलिटी शो में पदक विजेता मीनू को बधाई देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य विजेंद्र व शिक्षक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर पंजाब के** धुरी शहर में डीडी पंजाबी टीवी चैनल पर प्रसारित होने वाला डांस रियलिटी शो किसमें कितना है दम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुगथला की सातवीं कक्षा की छात्रा मीनू ने महा संग्राम में प्रथम स्थान हासिल करके स्कूल व अपने गांव का नाम रोशन किया। मीनू ने मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन देकर पूरे हरियाणा का नाम भी गौरवन्वित किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य विजेंद्र ने बेहतर प्रदर्शन करने पर मीनू को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । बेहतर प्रदर्शन



करने पर मीनू को बेस्ट डांसर का प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिया। बेहतर प्रदर्शन करके मीनू ने निर्णायक मंडल को

**पुरस्कार**

**8 सातवीं कक्षा की छात्रा मीनू ने महा संग्राम में प्रथम स्थान हासिल करके स्कूल व अपने गांव का नाम रोशन किया**

अपनी ओर आकर्षित किया और ट्रॉफी जीती।
छात्र मीनू को बचपन से ही डांस का शौक है। सातवीं कक्षा की छात्रा मीनू ने बताया कि उन्होंने प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। उसके बाद अपने दम पर डांस रियलिटी शो किसमें कितना है दम में में पहुंचीं। शनिवार को देर रात पंजाब के संगरूर के धुरी में रियलिटी शो हुआ। इसमें देश भर के एक दर्जन प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य बिजेंद्र ने मीनू के हुनर की तारीफ करते हुए कहा की , मन में अगर कुछ कर गुजरने की चाह हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है, डी.डी. पंजाबी टी.वी. शो में स्कूल के बच्चों की प्रतिभा को तराशने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। शो में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा

## कोर्ट परिसर में सुरक्षाकर्मी से चली गोली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला कोर्ट परिसर में एसपीओ से अचानक गोली चल गई जिसके बाद कोर्ट परिसर में सन्नाटा पसर गया। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, वह लेंटर पर जाकर लगी। सूचना मिलने के बाद एएसपी दीपक कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। हालांकि, गोली का खोल बरामद नहीं हुआ था। बताया गया है कि एसपीओ विक्रम गेट पर तैनात था। बंदूक की जांच करते हुए अचानक गोली चली है। गनीमत रही कि बंदूक 75 डिग्री के एंगल पर थी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## सरबजोत ने मिक्स टीम मैच में गोल्ड जीतकर अंबाला का नाम रोशन किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला के गांव धीन निवासी सरबजोत सिंह ने गोवा में हो रही 37वीं नेशनल गेम में शूटिंग प्रतियोगिता में कल सिल्वर मैडल हासिल करने के बाद आज एक बार फिर से नई ऊचाईयों को छूते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। आज हुए मिक्स टीम मैच 10 मीटर एयरपिस्टल में सरबजोत ने गोल्ड मेडल किया। जिसमें दूसरे स्थान पर राजस्थान की टीम व तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश की टीम रही।
सरबजोत ने अंबाला व हरियाणा का नाम रोशन किया है।

# केजरीवाल और भगवंत मान 5 नवम्बर को रोहतक में करेंगे सभा: मलिक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी का संगठन दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है इसी क्रम में वार्ड वार्ड और ग्राम सचिव तक संगठन पहुंच चुका है अभी तक कुल मिलाकर 11000 से अधिक पदाधिकारी बनाए जा चुके हैं। यह जानकारी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर सिंह मलिक ने दी। पिछले दिनों में पंजाब सरकार के चेयर मैन और पानीपत ग्रामीण के ऑब्जर्वर सुरेश गोयल के हाथों ग्राम सचिव और वार्ड सचिव की नियुक्ति पत्र बांटे गए थे।
उन नियुक्ति पत्रों के साथ 5 तारीख को अरविंद केजरीवाल एवं भागवत



मांन की रोहतक में सभा के लिए सभी पदाधिकारी का सुखबीर सिंह मलिक द्वारा आर्मंत्रित किया गया। सुखबीर मलिक ने बताया 5 नवंबर दिन रविवार रोहतक में दोपहर 12:00 बजे आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मांन नवनियुक्त पदाधिकारी के साथ एक सभा करने जा रहे हैं। जिसके निमंत्रण के लिए सभी पदाधिकारी को निमंत्रण पत्र भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया आम आदमी पार्टी का संगठन इस समय बाकी पार्टियों से बहुत ऊपर है और आम आदमी पार्टी की सरकार 2024 में बनने जा रही है।

# 'गौमाता की सेवा करने से मनुष्य को सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण हलके के नेता भाई विजय जैन ने गांव शिवाह में कर्मयोगी श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित एक समारोह में पहुंचकर जो की गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान और उनके पूरी कार्यकरणी ने किया था। भाई विजय जैन का फूल मालाओं और पगड़ी पहना करके भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विजय जैन ने कहा है कि गौमाता की सेवा करने से मनुष्य को सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है और गाय की सेवा में ही भगवान की सेवा है जैन ने कहा है कि प्रत्येक हिंदू परिवार को पहली रोटी गाय माता के लिए निकालनी चाहिए मेरा परिवार वर्षों से गायों की सेवा कर रहा है उन्होंने कहा है कि गाय में ही भगवान का वास है इसलिए हम सभी को तन, मन, धन



से गाय माता की सेवा करनी चाहिए ताकि हमारा ध्यान धर्म और कर्म में लगा रहे जैन ने कहा है कि मैं यह सेवा कोई राजनीतिक मकसद से नहीं कर रहा हूं मेरा मकसद सेवा भाव का है जिसको मैं वर्षों से कर रहा हूं ताकि मेरा जीवन सदैव गाय और गरीब असहाय की सेवा में लगा रहे मेरा इससे राजनीतिक लाभ प्राप्त करने का कोई भी इरादा नहीं है मैं गांव की सेवा, सेवा भाव से करता हूं इस अवसर पर बोलते हुए गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान ने कहा है कि विजय जैन एक सच्चे समाजसेवी हैं और ऐसे समाजसेवी व्यक्ति का ग्रामीण हल्के की जनता के बीच में आना हल्के के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है ।अब की बार एक मौका भाई विजय जैन को देकर के उनको कामयाब करें ताकि वह जनता

**गौसेवा**

**8 भगवान की सेवा है जैन ने कहा है कि प्रत्येक हिंदू परिवार को पहली रोटी गाय माता के लिए निकालनी चाहिए**

के हित में कार्य करते रहे इस अवसर पर राजवीर कादियान ,प्रवीण शर्मा, प्रवीण सोनी, देवी राम कादियान ,कैप्टन राम सिंह, राजेंद्र, सुभाष गुलिया ,पूर्ण सरपंच, बसेराम कादियान ,राजेश कादियान ,जुगनू कादियान ,सुनील वर्मा, पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, समाजसेवी एडवोकेट रमेश मौर्य, जयप्रकाश त्यागी ,बलदेव अरोड़ा हनुमान , शिवकुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित थे

# दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करने के लिए पंजीकरण कैंप 6 दिसंबर को पीपली खेड़ा में

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक लाभार्थी पंजीकरण एवं उपकरण सुधार सेवा केन्द्र में 6 दिसंबर सोमवार को दिव्यांगों के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप की तैयारी को लेकर एनिएको आसरा के संचालक प्रवीन लांबा के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में प्रवीण लांबा ने बताया कि कैंप में उपकरण लेने वाले दिव्यांगों का पहले मेडिकल करवाया जाएगा और मेडिकल के आधार पर उपकरण प्रदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिन दिव्यांगों को पिछले 3 साल से कोई भी उपकरण नही मिला है, वे दिव्यांग



अपना आधार कार्ड मेडिकल (दिव्यांग प्रमाण पत्र) वह परिवार पहचान पत्र लेकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें । उन्होंने बताया कि उपकरण के लिए परिवार पहचान पत्र जरूर लेकर आए। उपकरण के लिए रजिस्ट्रेशन करने का कार्य 7 दिसंबर को पानीपत में वह 8 दिसंबर को करनाल में रेड क्रॉस द्वारा आयोजित किया जाएगा ।

# महिला महाविद्यालय में पांचवी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राजकीय** महिला महाविद्यालय सोनीपत में 4 नवंबर को पांचवी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बढ चढ़कर विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल प्रभारी डॉ वंदना नासा ने बुके भेंट करके महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ नरेश आंतिल का स्वागत किया।
कार्यकारी प्राचार्य डॉ नरेश आंतिल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। डॉ सुभाष सिसोदिया ने मंच का संचालन किया। श्रीमती मनजीत के निर्देशन में एन एस एस की छात्राओं ने मार्च पास्ट निकाल कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। डॉ नरेश आंतिल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि



मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बढखालसा क्लोजिंग सेरेमनी के? मुख्य अतिथि रहे व विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। वीरेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। व देश भक्ति के गीत के माध्यम से छात्राओं में जोश भरा।ओएसडी ने कहा इस महाविद्यालय की छात्राएं भानु रेसलिंग में, साक्षी जुड़ो में, सुनेखा ताई कमांडो में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर महाविद्यालय व देश का नाम रोशन कर रही है।हरियाणा सरकार के द्वारा बेटियों को कम फीस पर गुणवत्ता उच्चतर शिक्षा उपलब्ध

**प्रतियोगिता**

**8 खेल प्रभारी डॉ वंदना नासा ने बुके भेंट करके महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ नरेश आंतिल का स्वागत किया**

कराने के लिए महाविद्यालय शुरू किया गया था। 2018 में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुरथल अड्डा में 93 छात्राओं से महाविद्यालय शुरू हुआ और आज महाविद्यालय में 720 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। 2022 में महाविद्यालय सेक्टर 12 में अपने भवन में शिफ्ट हो चुका जिसमें ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, लैब्स सीसीटीवी कैमरा, जैसी सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्राओं को फ्री बस पास की सुविधा प्रदान की जा रही है।
शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय के प्रयास सराहनीय है। 100 मीटर रेस में सोनम बीए ज्योग्राफी ऑनर्स ने प्रथम काजल बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय और शिवानी ज्योग्राफीऑनर्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में साक्षी बीए प्रथम वर्ष पहले काजल बीए प्रथम वर्ष दूसरे व निधी बीकॉम तृतीय वर्ष तीसरे स्थान पर रही।

# दमघोटू प्रदूषण से राहत के लिए हरीकिशन ने बांटे मास्क






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के आह्वान पर कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल ने दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए जहांगीरपुरी चौक पर लोगों में मास्क वितरित किए और लोगों को प्रदूषण से लड़ने के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव व अन्य साथी मौजूद रहे। श्री जिन्दल ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समय रहते दिल्ली में प्रदूषण को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया, दिल्लीवासियों के लिये गैस चैम्बर की स्थिति बनी हुई है, इस समय पंजाब में आप की सरकार है तब भी वहां पराली जलाई जा रही है। उससे उत्पन्न धुंआ दिल्ली का प्रदूषण बढ़ा रहा है।

## बरवाला: शुद्ध हवा में सांस लेने के अधिकार की गारंटी दें दिल्ली और केंद्र सरकार: दयानन्द वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय, मंत्री आतिशी को पोस्ट करके राजधानी दिल्ली को गैस चैंबर में परिवर्तित होते देख गहरी चिंता जताई है। वत्स ने सभी से कहा है कि प्रदूषण के मामले में हर साल स्थिति बद से बद्तर होती जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी में शुमार हो गई है। वत्स ने कहा कि समय रहते पर्यावरण विभाग सक्रिय नहीं होता। वह सिर्फ और सिर्फ रस्म अदायगी करता है। दिल्ली में हर जगह सड़कें जर्जर हालत में है। सफाई व्यवस्था बदहाल है। सड़कों पर रेगिस्तान की तरह हर समय धूल का गुबार उड़ता रहता है। बार-बार ध्यानाकर्षण के बावजूद दिल्ली की सड़कों की हालत नहीं सुधरी। गैर नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों में गैरकानूनी रुप से रबड़ और टायर जलाने से वायु प्रदूषण से हालात और भी विकराल हो रहे हैं।

## शालीमार बाग: जागरूक उपभोक्ता मंच ने पीएम मोदी का किया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जागरूक** उपभोक्ता मंच के महामंत्री एवं समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने पिछले एक दशक से आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर वर्तमान फुटओवर ब्रिज के विस्तार व अन्य कार्यों के लिए प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व स्थानीय सांसद डॉ. हर्षवर्धन के हस्तक्षेप पर अब सपना पूरा होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने आगे बताया कि देश में लगभग 500 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के साथ ही आदर्श नगर स्टेशन पर भी एफओबी के विस्तार का कार्य प्रारंभ हो चुका है। तथा ही शीघ्र ही रेलवे लाईनों के पार करने



से मुक्ति मिल सकेगी। उन्होंने आगे बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार शालीमार बाग की ओर से प्रवेश मार्ग भी बनाया जायेगा। जिससे रेल यात्रियों सहित स्थानीय जनता भी लाभ उठा सकेगी। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री ने प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। जिनके अथक प्रयासों से आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य किये जा रहे है।

## रानीबाग: अपने बच्चों में सीचें निःस्वार्थ भाव के संस्कार: चावला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इतिहास में** एक नहीं हजारों ऐसे उदाहरण हैं कि साधारण से साधारण व्यक्ति सामान्य सेवा मार्ग से चलते हुए राष्ट्रों के महान नेता हुए हैं। किंतु यह होता तब ही है जब किसी का सेवा-भाव निःस्वार्थता की चरम सीमा पर होता है। जरूरी यह है कि बच्चों में सेवा-भाव के विकास के साथ-साथ निःस्वार्थ भावना का संस्कार भी रोपा जाए। निःस्वार्थ सेवा करने से दिनों-दिन उसके प्रति उत्साह की वृद्धि होती है।

**जरूरी नहीं हैं बडे-बडे संस्थान खोलकर हो सेवा:** रानी बाग में



रहने वाले समाज सेवी व मैत्री आरडब्ल्यूए के सचिव बलराम चावला कहते है कि अपने आस-पास चारों तरफ नजर दौड़ाइए। कोई बीमार, बूढ़ा या लाचार इंसान दिखलाई पड़े तो उसके कष्ट के बारे में पूछिए। किसी की देह बुखार से तप रही हो तो उसे बुखार उतारने की एक गोली दिला दीजिए। यदि आप वास्तव में कुछ करना चाहते हैं तो बड़े-बड़े अस्पताल खोलने की जरूरत नहीं, जरूरत है तो लोगों की छोटी-छोटी तकलीफों को दूर करने की।

**भूखे का पेट भरे न कि उपदेश दें:** कोई भूख से व्याकुल होकर हाथ पसारे तो उसे उपदेश देने की बजाय पेट भर भोजन करा दीजिए। उपदेश देना हो तो बाद में दीजिए। उपदेश या निरंतर भीख देने की बजाय उसे रोजगार का अवसर दीजिए या उसका उचित मार्गदर्शन कीजिए।

## शालीमार बाग: गोविन्द शर्मा बनें जिला केशवपुरम के जिला उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गोविन्द शर्मा** के पार्टी के कार्यों को देखते हुए उन्हें भाजपा दिल्ली प्रदेश के द्वारा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद उन्हें सैकड़ो लोगों ने बधाई दी। आपकों बतादें कि गोविन्द शर्मा पहले भी जिला में मंत्री पद पर रह चुके है और भाजपा के कई पदों पर रहते हुए भाजपा को मजबूत करने कार्य करते रहे है। साथ ही क्षेत्र की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं में भी कई पदों पर है। गोविन्द शर्मा ने बताया कि मुझे जो भाजपा जिला



केशवपुरम में भाजपा दिल्ली प्रदेश द्वारा जो जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। उसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा, सांसद डॉ. हर्षवर्धन और जिला केशवपुरम के अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास कर-के दिखाया है। पीएम मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओ से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

उन्होंने कहा कि मुझे आज जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। उस पर मैं खरा उतरूगां और पार्टी को मजबूत करने का कार्य करूगां।



जिला केशवपुरम भाजपा में जिला उपाध्यक्ष बनने पर गोविन्द शर्मा को माता की चुनरी उढाकर शुभकामनाएं देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल।

## एयर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस के साथ इंटरलाइन साझेदारी की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**टाटा** की अगुवाई वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस के साथ द्विपक्षीय इंटरलाइन साझेदारी की है। इंटरलाइन साझेदारी के तहत किसी एक एयरलाइंस के यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस की सेवाएं मिलती हैं।

कंपनी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि एयर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस के साथ इंटरलाइन साझेदारी की है।

## त्रीनगर: विधायक प्रीति तोमर ने कोहाट वार्ड में किया सड़क का उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर-61 में मुख्यमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत शनिवार को सडकों का पुनः निर्माण कार्य करवाने के बाद विधायक द्वारा स्थानीय जनता व आरडब्ल्यूए से उद्घाटन करवाया गया।

**स्थानीय जनता ने किया उद्घाटन:** इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक प्रीति तोमर ने बताया कि आज कोहाट वार्ड के ए ब्लॉक लोक विहार की समस्त गलियों में नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत सड़क का पुनः निर्माण करवा कर सड़क का उद्घाटन स्थानीय निवासियों तथा आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से नारियल तुड़वाकर करवाया।

मौके पर मौजूद पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा ही जनता के हितों को सुरक्षित व मद्देनज़र रखते हुए लोकहित के कार्य में विश्वास रखती है व लोकहित के कार्य करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सुविधा पाने के लिए अगर थोडी सी असुविधा तो जरूर होती हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता हमेशा ही मेरे साथ खड़ी रहती हैं, उनका भी आभार व्यक्त करता हूं।

मैं काम की राजनीति में विश्वास रखता हूं, बातों की राजनीति में नहीं।



# सरकार की लापरवाही से शहर में बढ़ा प्रदूषण: आदेश भारद्वाज





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार की लापरवाही के कारण शहर में प्रदूषण जानलेवा स्तर तक बढ़ चुका है। जिसको लेकर जिला करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज की टीम ने भी जिले भर में कई जगह मास्क बांटे और आम लोगों को बढ़ते प्रदूषण से सचेत रहने की सलाह देते हुए बच्चों और बुजुर्गो को विशेष ध्यान रखने को कहा। प्रदूषण के बिगड़े हालात पर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि एक समय ऐसा था जब दिल्ली में शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार थी तब जून 2010 में हमारी राजधानी दिल्ली को सिंगापुर के ली क्युआन यू में हुई वर्ल्ड सिटी प्रतियोगिता में चौथा सबसे उत्तम शहर होने का पुरुस्कार मिला था। उस प्रतियोगिता में 32 देशों के 72 शहरों ने हिस्सा लिया था और आज आलम ये है कि दिल्ली विश्वपटल पर सबसे प्रदूषित शहरो में अव्वल नंबर पर है। मौजूदा सरकार विज्ञापनों के जरिए अपना चेहरा चमकाकर आम लोगों को मरने के लिए छोड़ दे रही है। जिसके चलते बुजुर्गो और मासूम नवजात बच्चों को सांस लेने में परेशानी होने लगी है। आज ना सिर्फ शहर की हवा प्रदूषित है बल्कि लोगों को गंदा, बदबूदार और प्रदूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। टूटी सड़को और गड्ढों से उड़ती धूल मिट्टी इस माहौल को और गम्भीर बना दे रही है, लेकिन केजरीवाल दिल्ली फिक्र छोड़ छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में चुनावी रैलियां कर रहे हैं। आम जनता के साथ इससे बड़ा छल और क्या होगा कि उनके द्वारा चुने गए लोग भ्रष्टाचार के कारण जेल में हैं, सरकार काम कुछ कर नहीं पा रही है और आम जनता साफ हवा में सांस तक लेने को मजबूर हो रही है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष खेम चंद सैनी, रविंद्र त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष, सुजीत सिंह उपाध्यक्ष करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी कालीचरण पवार, पूर्व चेयरमैन सुखबीर सिंह, महासचिव विजय नारायण तिवारी, मनोज कुमार, दीपक मोरिया, सुरेंद्र कुमार, कांग्रेस प्रत्याशी परवीन भड़ाना, चंदन चौबे, गौरव शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सरकार गरीब के साथ हर वर्ग की भलाई के लिए कर रही है जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन: डा. बनवारी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
हरियाणा सरकार के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार गरीब के साथ है और हर वर्ग की भलाई के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने प्रदेश और देश में पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल शनिवार को फरीदाबाद जिला में पृथला विधान सभा क्षेत्र के गांव अटाली, हीरापुर, जवा और सागरपुर गांव में जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर



रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। इसी कड़ी में सरकार के नुमाइंदे जनता के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गावों और शहरों के वार्डो में पहुंच कर वहां पर जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुन रहे है और मांगो और सुझावों को साँझे कर उनका मौके पर निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लोगों की भलाई के लिए आयुष्मान योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को क्रियांवित किया है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना को क्रियान्वित करके गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये की धनराशि तक मुफ्त में इलाज करवाया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में चिरायु योजना के दूसरे चरण का आरंभ किया गया है, जिसके तहत 14 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत कोई भी लाभार्थी परिवार एक वर्ष में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त में करवा सकता है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने जन संवाद कार्यक्रमों में के लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा पार्टी की सरकार का है।

# इस दिवाली खुशबु वाले दियो से जगमगाए अपना घर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
दिवाली के त्यौहार पर मुख्य रूप से दीये जलाने का प्रचलन है। दिवाली के दिन दीपक जलाना न सिर्फ एक प्रथा है बल्कि इसे घर के सदस्यों के लिए भी शुभ माना जाता है। जगमगाते दीपक घर की रौनक को बढ़ाते हैं। ऐसे में बाजार में तरह-तरह के दीपक खूब मिल रहे हैं। ऐसे ही एकोफ्रेंडली मोम दिए दिवाली उत्सव में आए हुए लोगों को खूब लुभा रहे है। 'मेक इन इंडिया' इंडिया' एक क्रांतिकारी विचार है जिसने निवेश एवं नवाचार को बढ़ावा देने, बौद्धिक संपदा की रक्षा करने और देश में विश्व स्तरीय विनिर्माण बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिए



प्रमुख नई पहलों की शुरूआत की है। इसी से प्रेरित होकर फरीदाबाद निवासी विवेक तलवार ने टी लाइट कैंडल बनाने के स्टार्ट अप की शुरूवात की। उन्होंने बताया कि यह दिये व टी लाइट कैंडल पूरी तरह से उनके द्वारा ही बनाये जाते हैं। छोटे स्तर पर ही सही पर मेक इन इण्डिया के सपने को साकार करने में वह भी अपना योगदान दे रहें हैं। कोरोना काल में जब सम्पूर्ण विश्व में लॉकडाउन था तो इन्होने हिम्मत नहीं हारी और आज यह टाटा द्वारा संचालित वेस्ट साइड को दीयों में डलने वाला खास रंग का शेड भी कपड़ो के लिए उपलब्ध कराते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 130 .800 किलोग्राम पटाखों सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम के द्वारा अवैध पटाखों को सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी रनजीत फरीदाबाद की शास्त्री कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से शास्त्री कॉलोनी धोबी वाडा ओल्ड फरीदाबाद से काबू किया है। आरोपी से मौके पर 130.800 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में साने आया कि आरोपी ने दीवाली के मौके पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए अपने घर पर दीवाली से पहले ही प्रतिबंधित पटाकों का स्टॉक कर लिया था, ताकि दीवाली पर उनको बेच कर ज्यादा धन कमा सके। आरोपी पलवल के किसी अनजान व्यक्ति से पटाखे खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### नशा के दुष्प्रभाव के संबंध में चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत थाना मुजेसर की टीम ने 500 विद्यार्थियों को किया जागरूक

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत थाना मुजेसर प्रभारी सुरेन्द्र सिंह की टीम ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-22 में छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्प्रभाव, साइबर फ्रॉड के विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना मुजेसर की टीम ने स्कूल में एक सभा का आयोजन कर विद्यार्थियों को समाज में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया की आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। जानकारों की मानें तो पूर्व में भी नशा किया जाता था। हालांकि, इसका उद्देश्य समाज को दूषित करना कतई नहीं था, लेकिन आजकल नशा की परिभाषा बदल गई है। आजकल बच्चे-बड़े सभी नशे करते हैं। बच्चे तो कई प्रकार के नशा करने लगे हैं, जिनमें शराब, ड्रग्स और हेरोइन शामिल हैं। बच्चों का नशे में रहना गंभीर चिंता का विषय है। बच्चों के हाथ में देश का भविष्य होता है। इससे आने वाली पीढ़ी पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके साथ ही खपत अधिक होने से अवैध तस्करी भी जमकर हो रही है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत पुलिस की गाड़ी विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरूक करेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। नशा करने से न केवल धन की क्षति होती है, बल्कि कई बीमारियाँ भी घर कर जाती हैं। इससे मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए बच्चों के माता-पिता से भी अपील है कि अपने बच्चों का ध्यान रखें और उन्हें गलत संगत में पड़ने से बचाएं। साथ ही युवा नशे को छोड़कर अपनी उर्जा को अच्छी दिशा में लगाएं ताकि आप और आपके परिवार की खुशियां सलामत रहे। नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को टोल फ्री नंबर 9050891508 पर देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत क्राइम ब्रांच कैट ने 5 नाबालिंग बच्चों को रेस्क्यू कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 5 नाबालिंग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने पुलिस चौकी सेक्टर-11 के एरिया से 5 नाबालिंग बच्चे को भीख मांगते व कूड़ा बीनते हुए रेस्क्यू किया है। जिसमें बच्चों की उम्र 4 वर्ष,9 वर्ष,11 वर्ष,12 वर्ष व 11 वर्ष है। पांचों बच्चो का नाम, पता पूछ कर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके परिजनों के हवाले किया गया। 5 बच्चों के परिजनों को बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हिदायत देते हुए सकुशल बच्चों को परिजनों हवाले किया है।

## स्वयंसेवकों ने पटाखे रहित दिवाली मनाने का संकल्प लिया

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा गुरुग्राम में एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन विद्यालय प्रधानाचार्य सुशील कुमार कणवा के मार्गदर्शन में किया जिसमे पटाखे रहित दिवाली मनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर सदर बाजार के दुकानदारों को जागरूक करने हेतु एक रैली का आयोजन भी किया इस रैली को विद्यालय प्रधानाचार्य सुशील कुमार कणवा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया. कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे की प्रार्थना सभा में दिवाली पर पटाखे ना जलाने की शपथ दिलाई गई !

# दिवाली उत्सव में दिखी महिला सशक्तिकरण की झलक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
आधुनिक जमाने में अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं तथा समानता का प्रतीक बनकर उभर रहीं हैं। ऐसा ही नजारा सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित प्रथम दिवाली उत्सव के दौरान देखने को मिला। 62 वर्षीय महिला जिनका नाम दीपा बंसल हैं उन्होंने इस दिवाली उत्सव में रौशनी के त्यौहार दिवाली से संबंधित सजावट सामग्री जैसे झालर, दिये, लटकन का स्टाल लगाया है। उनके द्वारा लगाई गयी स्टाल नंबर एफसी-10 पर दिवाली के त्यौहार के लिए सजावट के सामान की खरीददारी के लिए लोगों की खासा भीड़ लग रही



है। इस स्टाल की खास बात यह है कि यह पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित है। दीपा बंसल व उनकी बेटियां जिनका नाम स्वाति बंसल, दीप्ति बंसल व सोनिका है तथा इनकी दो बेटियां इस स्टाल को संभाल रही हैं। उनका कहना है कि भारत व समूचा विश्व पितृसत्तात्मक समाज के ढांचे में रहता आया है। यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि जब हम महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं, तो उसका आशय यह नहीं है कि अब पितृसत्तात्मक समाज को बदल कर मातृसत्तात्मक समाज में बदल दिया जाए। बल्कि सशक्त होने का आशय यहाँ पर उसके निर्णय ले सकने की क्षमता का आधार है कि वह अपने निर्णय स्वयं ले रही है या इसके लिए वह किसी और पर निर्भर है। इसी प्रकार आज आर्थिक रूप से सशक्त होना भी महिलाओं के लिए बहुत आवश्य है। हमारी यह ऑल वूमन स्टाल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है।
स्टाल पर लोगों को मनमोह रही विभिन्न प्रकार की सजावट सामग्री दिवाली का त्यौहार आ रहा है। इसी के मद्देनजर दिवाली उत्सव में आने वाले पर्यटकों का ध्यान सजावट के सामान पर ज्यादा केंद्रित है। स्टाल पर महिलाओं व युवाओं की अच्छी भीड़ आ रही है। इस कारण स्टाल को व्यापार की दृष्टि से सकारात्मक रिस्पोंस प्राप्त हो रहा है।

**व्यापार की दृष्टि से यह उत्सव व्यापारियों व शिल्पकारों को मिला बेहतरीन प्लेटफार्म**
प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की तर्ज पर इस दिवाली उत्सव की शुरूवात की गयी है। सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला हथकरघा कारीगर और शिल्पकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने व व्यापार करने का एक अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करता है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों व शिल्पकारों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सूरजकुंड मेला परिसर में यह दिवाली उत्सव का एक बेहतरीन माध्यम दिया गया है। साथ ही लोगों को स्वाबलंबी बनाने की मुहिम को भी गति मिलेगी।

# 15 वर्षीय नाबालिक लडके को क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
**हरियाणा** सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 7 वर्ष पहले घर से निकले नाबालिक लडके को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिहं ने बताया कि क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए वर्ष 2016 में अपने घर से बिना बताए घर से



निकले उस समय 15 वर्षीय बच्चे को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। परिजनों के द्वारा बच्चे के गुम होने पर थाना सेक्टर-58 में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। बच्चे से पूछताछ में सामने आया की बच्चा स्कूल जाते समय स्कूल ना जाकर दिल्ली घूमने के लिए चला गया था।

## राजस्थान चुनाव में विघ्न डालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी : मोहित हांडा

**हिसार: साथ लगते** राज्य राजस्थान में हो रहे चुनावों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने जिले के लगती सीमा पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को आधिकारिक मेस में राजस्थान चुनाव बारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, पुलिस उप अधीक्षक अशोक कुमार, पुलिस उप अधीक्षक सज्जन कुमार, थाना प्रभारी सदर हिसार और आदमपुर थाना प्रभारी के साथ उन्होंने बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में कहा कि संबंधित पर्यवेक्षण अधिकारी और थाना प्रबधक राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र के संबंधित डीएसपी, थाना प्रभारी से बातचीत कर तालमेल रखेंगे और आपस में सूचनाएं सांझा करेंगे।

# भाविप ने महाविद्यालय की विभिन्न मांगों लेकर प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद इकाई के कार्यकताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॉलेज प्रिंसपल को सौंपा ज्ञापन। जिला संयोजिका गायत्री राठौर ने बताया अभाविप मार्निंग इवनिंग कार्यकारिणी के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से कैंपस में आ रही छात्र हितों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रिंसिपल को 25 सुत्रीय मांग पत्र सौंपा। इकाई अध्यक्ष सागर चौधरी एवं ऋषभ भड़ाना ने संयुक्त रूप से बताया छात्रसंघ की बहाली हो, एमडीयू रिजनल सेंटर,पीसीआर की तैनाती की जाए, एमसीए कोर्स की कक्षाएं शुरू की जाए, तथा एमएसडब्लू एवं पत्रकारिता जैसे कोर्स शुरू किए जाएं, एवं कैंटिन नेहरू कॉलेज की नव निमार्णाधीन, बिल्डिंग को अति शीघ्र शुरू किया जाए, पीने के पानी, वाशरूम, गर्ल्स कॉमन रूम लाइट पंखे, फ्री वाईफाई, अत्याधुनिक लैब की व्यवस्था की जाए जैसे अनेक शैक्षणिक एवं छात्र हितों के मुद्दों का मांग पत्र सौंपा इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नगर मंत्री फरीदाबाद रमन परासर ने बताया ने बताया की फरीदाबाद शहर का पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सबसे बड़ा कॉलेज है जिसमे लगभग सभी विषयों के कोर्स उपलब्ध है। प्राइवेट कॉलेजो की तुलना में नेहरू कालेज में में फीस भी बहुत कम है।
ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों एवं मध्यम वर्गीय परिवार का ध्यान इस कॉलेज की तरफ रहता है। अभाविप मागं करतीं हैं कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान किया जाए जिससे छात्रों को लाभ मिल सके इस अवसर पर मनीषा, खुशी, अंजलि, सुमित यादव, हरिंदर जाट, संदीप राणा, कपिल राणा, दीपक भारद्वाज, सिद्धार्थ सिंह,रवि पाण्डेय, पुष्पेन्द्र ठाकुर, अंकित, समेत अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आईसर कैन्टर को चोरी करवाकर, हड़पना चाहता था बीमा का पैसा

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी क्राइम** हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधिक मामलो में शामलि आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने योजना के तहत अपने आईसर कैन्टर को चोरी करवाने के मामले में मुख्य आरोपी सहित 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियो में हनीफ, अनिल कुमार और मनोज कुमार का नाम शामिल है। आरोपी हनीफ नहूं जिले के गांव औथा का आरोपी अनिल और मनोज



कुमार फरीदाबाद के एनआईटी के डबुआ कॉलोने के रहने वाले है। आरोपी हनीफ को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-58 से थाना डबुआ के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपी से पूछताछ में आईसर कैन्टर को डबुआ से बरामद किया गया है। तथा मुख्य आरोपी मनोज कुमार और आरोपी अनिल को डबुआ के एरिया से गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी मनोज से 35000/-रु नगद तथा आरोपी अनिल से 3500/-रु नगद बरामद किए गए है। आरोपी मनोज से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने आईसर कैन्टर को किस्तो में लिया था जिसकी आरोपी किस्त नही चुका पा रहा था। जिसको आरोपी ने योजना के तहत अनिल से बात की तो अनिल ने 10000/-रु के कमीशन पर कैन्टर को बेचने की बात कही। आरोपी अनिल ने एक अन्य आरोपी से मनोज को मिलाया और अन्य आरोपी ने आरोपी हनीफ से मिलाया जिसको कैन्टर को 2 लाख रुपए में बेच दिया। मुख्य आरोपी मनोज ने 28 अक्टूबर को कैन्टर चोरी का मामला थाना डबुआ में दर्ज करा दिया।
क्राईम ब्रांच टीम को शिकायतकर्ता मुख्य आरोपी मनोज पर शक हुआ तो अपने गुप्त सूत्रों से मामले में पता किया। जिसके बाद मामले में खुलासा हुआ और आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनिल ड्राइवर का काम करता है और कमीशन पर गाडी सेल व परचेज करवाता है।

# गैस रिसाव पर 7वीं एनडीआरएफ बटालियन ने किया मॉक अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के संयुक्त प्रयास में, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) तथा जिला प्रशासन फरीदाबाद ने फरीदाबाद स्थित एचपीएल एडिटिव्स में क्लोरीन गैस रिसाव की रोकथाम एवं बचाव कार्य पर एक मॉक अभ्यास किया। इस अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक आपातकाल की स्थिति में अधिकारियों की तत्परता और प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण करना था। मॉक अभ्यास 7वीं एनडीआरएफ बठिंडा और जिला प्रशासन फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में



एचपीएल एडिटिव्स प्लांट में आयोजित किया गया था। इस परिदृश्य में संयंत्र के भंडारण टैंकों में से एक से नकली क्लोरीन गैस का रिसाव शामिल था, जिसने आसपास के क्षेत्रों के लिए संभावित खतरा पैदा कर दिया था। एचपीएल और जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया टीम तुरंत कार्रवाई में जुट गई, आसपास के आवासीय इलाकों को खाली करा लिया और प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। इंस्पेक्टर अंकित यादव के नेतृत्व में 7वीं एनडीआरएफ टीम की एक टीम को भी फंसे हुए पीड़ितों को निकालने और गैस रिसाव को आगे फैलने से रोकने के उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। मॉक अभ्यास सफल रहा, जिसमें प्रतिक्रिया टीम ने ऐसी आपातकालीन स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास से प्रतिक्रिया तंत्र में सुधार के लिए क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद मिली और इसका उपयोग आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना को दुरुस्त करने के लिए किया जाएगा। अभ्यास के बारे में बोलते हुए 7वी एनडीआरएफ बठिंडा बटालियन के वरिष्ठ अधिकारी देवेंदर प्रकाश ने कहा, "हम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए अपनी तैयारियों को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। एचपीएल एडिटिव्स में क्लोरीन गैस रिसाव पर मॉक अभ्यास इसे प्राप्त करने की दिशा में एक कदम था। जिला प्रशासन ने भी अभ्यास के संचालन में एनडीआरएफ और एचपीएल एडिटिव्स के प्रयासों की सराहना की और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए तैयारी बनाए रखने के लिए नियमित अभ्यास की आवश्यकता पर जोर दिया।

# दीवाली उत्सव में बड़ी चौपाल पर चित्रकला एवं फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सूरजकुंड मेला परिसर में 3 नवंबर से आगामी 10 नवंबर तक सूरजकुंड मेला परिसर में प्रथम दिवाली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके दूसरे दिन बड़ी चौपाल पर फेस पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया व अपनी सुन्दर कला का प्रदर्शन किया। स्कूली विद्यार्थियों ने फेस पेंटिंग व चित्रकला के माध्यम से विभिन्न सामयिकी को दशार्या। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सुंदर रंगों के माध्यम से पर्यटकों को संदेश दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में मेले में लगे झूलों से लेकर विभिन्न




स्टालों का प्रदर्शन भी किया गया। प्रतियोगिता के बाद विजेताओं की घोषणा की गयी। इस प्रतियोगिता में चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जीएम पब्लिक स्कूल ऊंचा गांव की विद्यार्थी अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं फरीदाबाद पब्लिक स्कूल के लहर चौधरी ने दूसरा तथा गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से धानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 37 के एकलव्य गर्ग ने प्रथम, डीएवी सेक्टर 14 से जीविशा तथा मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल से मान्यता श्रीवास्तव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

आदर्श रसोई सप्ताह 31वां

# राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने मनाई वाल्मीकि जयंती

## मातृ शक्ति ने रिबन काट की आदर्श रसोई की शुरूआत, आदर्श रसोई ने की सभी का जोरादर स्वागत











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श नगर विधा**नसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ''राकेश भारद्वाज चौक'' पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 31वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




### विधिवत रूप से मातृ शक्ति ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई में राकेश भारद्वाज चौक पर वाल्मीकि जयंती मनाई गई। वहीं मातृ शक्ति ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। रिबन काटने के बाद श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

### क्या बोले चेयरमैन मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों को दिल की गहराईयों से बधाई व अभिनंदन। आदर्श रसोई की टीम वाकई कबीलेतारीफ कार्य कर रही है।

श्री गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई की सबसे बढ़िया बात है कि आदर्श रसोई सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने वाले कार्यों को निरंतर रूप से करती आ रही है। हम पहले भी धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर चुके हैं। आदर्श रसोई के पदाधिकारी समाज में सद्भाव व एकता की भावना को आगे बढ़ा रहे। इसी सोच को आदर्श रसोई के पदाधिकारी पिछले डेढ़ वर्षों से आगे बढ़ा रहे हैं। इस उम्दा सोच के लिए पूरी टीम को बधाई।

### आदर्श रसोई ने कई कीर्तिमान स्थापित किए: वीके चौधरी

आदर्श रसोई के पदाधिकारी वीके चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आदर्श रसोई समाज में बेहतरीन कार्य कर रही है। ऐसी सामाजिक संस्थाओं की आज के समय में सख्त जरूरत है जो निःस्वार्थ करूणा और प्रेम भाव से जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है। संस्था का हर एक पदाधिकारी तारीफ के काबिल है। मैं आज इस सामाजिक कार्य से जुड़कर खुद को गौरावान्वित महसूस कर रहा हूं। आज इस शुभ अवसर पर कन्याओं के माध्यम से आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत करना एक क्रांतिकारी सोच है।

### मातृ शक्ति का हुआ अभिनंदन

इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों ने मातृ शक्ति का अभिनंद किया। वहीं मातृ शक्ति ने कहा कि हम सभी आदर्श रसोई से शुरू से जुड़े हुए हैं और हम यह गर्व से कह सकते हैं कि आदर्श रसोई निः स्वार्थ रूप से सेवा का कार्य कर रही है। पूरी टीम बधाई की पात्र है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया।








# अब एक्सप्रेस वे के किनारे बनेंगे नये औद्योगिक नगर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**एक** समय था जब शहरों की बसावट नदियों के इर्द गिर्द हुआ करती थी, लेकिन उद्योगों की बढ़ती मांग और तेजी से होते विस्तार के चलते नए दौर में औद्योगिक शहरों का चलन बढ़ा है। ऐसे में योगी सरकार ने एक्सप्रेसवे के किनारे नए औद्योगिक नगरों को बसाने का संकल्प लिया है। नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के करीब नए औद्योगिक शहर को बसाने का ऐलान किया जा चुका है, जबकि आने वाले समय में कई और एक्सप्रेसवे के समीप नए औद्योगिक नगरों को बसाने का ऐलान होने की संभावना है।



गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य है। प्रदेश में अभी 6 एक्सप्रेसवे संचालित हैं जबकि 7 निमार्णाधीन हैं। इन तेज रफ्तार वाले मार्गों के किनारे नये-नये नगरों को डेवलप करने से विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाएगी। नोएडा की तर्ज पर बनने वाले इन औद्योगिक नगरों में सरकार हर प्रकार के आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करेगी। प्रत्येक एक्सप्रेसवे के किनारे अलग-अलग औद्योगिक पार्कों को स्थापित करके जहां एक तरफ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास होगा वहीं मौजूदा नगरों पर बढ़ते बोझ को भी कम करने में मदद मिलेगी।

इन एक्सप्रेसवे के किनारे बसाए जाएंगे नये नगर

उत्तर प्रदेश में अभी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे क्रियाशील हैं। वहीं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे, दिल्ली सहारनपुर देहरादूर एक्सप्रेसवे, गाजियाबाद कानपुर एक्सप्रेसवे और गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज गति से चल रहा है।

# पाक: सुरक्षाबलों ने मियांवाली एयरबेस में 9 आतंकियों को किया ढेर



**टीम एक्शन इंडिया/इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के मियांवाली में सेना के एयरबेस पर शनिवार सुबह हमला करने वाले सभी नौ आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आतंकवादियों के खात्मे के लिए शुरू किया गया अभियान इसी के साथ खत्म हो गया। पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने एयरबेस में घुस रहे तीन आतंकवादियों को गेट के कुछ आगे मारकर पूरे इलाके को घेर लिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार आतंकियों ने हमले में तीन ग्राउंडेड लड़ाकू विमान और एक ईंधन टैंकर को नष्ट कर दिया था। इस बीच इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा है कि सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान वायुसेना के मियांवाली ट्रेनिंग एयरबेस पर आतंकी हमले को विफल कर सभी नौ दहशतगर्दों को मार गिराया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने कहा कि सुरक्षाबलों ने फिर आतंकवादी हमले को विफल करके अपनी क्षमता साबित की है। ूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि आतंकवाद को हराने के लिए हमारी सेनाएं सतर्क और एकजुट हैं।

**खात्मा**

8 सुरक्षाबलों ने एक बार फिर आतंकवादी हमले को विफल करके अपनी क्षमता साबित की है: पाक पीएम

# विश्व कप से हार्दिक पांड्या बाहर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आईसीसी विश्व कप 2023 से बाहर होने के बाद भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने कहा कि यह पचाना मुश्किल है कि वह अब इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में, 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि बाहर होने के बावजूद, वह टीम के साथ रहेंगे और हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। पांड्या ने कहा कि 'मेन इन ब्लू' टीम विशेष है और उन्हें यकीन है कि हर खिलाड़ी इस विश्व कप में भारत को गौरवान्वित करेगा। हार्दिक पांड्या ने एक्स पर लिखा, "इस तथ्य को पचाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के शेष भाग से बाहर हो गया हूं। मैं पूरे जोश के साथ टीम के साथ रहूंगा और हर खेल की हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करूंगा। सभी की शुभकामनाओं और प्यार के लिए धन्यवाद, समर्थन अविश्वसनीय रहा है। यह टीम विशेष है और मुझे यकीन है कि हम हर किसी को गौरवान्वित करेंगे।" बांग्लादेश के खिलाफ भारत की 7 विकेट की जीत के दौरान हार्दिक पंड्या के बाएं टखने में चोट लग गई थी और आगामी मैचों के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। हालाँकि, शनिवार को 'मेन इन ब्लू' टीम से उनके बाहर होने की पुष्टि हो गई। मेन इन ब्लू टीम में पांड्या की जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा लेंगे, जिन्हें शनिवार को टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद प्लेइंग ग्रुप में जोड़ा गया है। वर्तमान में, भारत चल रहे एकदिवसीय विश्व कप 2023 में अपने शीर्ष फॉर्म में है। रोहित शर्मा की टीम अभी भी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अजेय है।

**झटका**

8 इस तथ्य को पचाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के शेष भाग से बाहर हो गया हूं: हार्दिक


